शर्मा नांवा ने बताया कि शिवरात्रि को सुबह स्नान करने के उपरांत भगवान शिव को पंचामृत से स्नान करवाएं। उसके उपरांत भगवान शिव को श्वेत चंदन का तिलक लगाकर अक्षत, बिल्वपत्र, धतूरा, जायफल, अर्कपुष्प, दूर्वा, फल, मिष्ठान आदि अर्पित करें तथा केसरयुक्त खीर का भोग लगाएं। इसके अलावा पंचाक्षर नमः शिवाय के मंत्र का जाप करते हुए भगवान शिव को यथासंभव गंगाजल अर्पित करें। उन्होंने बताया कि सच्चे मन से भगवान शिव की पूजा करने से भगवान शिव अति शीघ्र प्रसन्न हो जाते हैं।

महेंद्रगढ़ गौरव अवॉर्ड : शिक्षक, चिकित्सक व सामाजिक कार्यकर्ताओं को मिला सम्मान

देश व प्रदेश के विकास में अहम भूमिका निभाने वाले लोगों का भास्कर ने महेंद्रगढ़ गौरव अवॉर्ड देकर किया सम्मानित

भास्कर न्यूज़ | महेंद्रगढ़

दैनिक भास्कर व केंद्रीय विश्वविद्यालय ने संयुक्त रूप से क्षेत्र के उन लोगों का शनिवार सम्मान किया जिन्होंने देश व प्रदेश के विकास में अहम भूमिका निभाई है। केंविवि के पं. मूलचंद ऑडिटोरियम में हुई महेंद्रगढ़ गौरव अवॉर्ड सम्मान समारोह में कुलपति प्रो टंकेश्वर कुमार मुख्यातिथि थे। अध्यक्षता विवि की रजिस्ट्रार सारिका शर्मा ने की। भास्कर के हरियाणा रिजनल हेड अशोक शर्मा व रेवाड़ी यूनिट हेड विजेंद्र यादव विशेष रूप से उपस्थित रहे।

सांस्कृतिक कार्यक्रम ने बांधा समा

कार्यक्रम के दौरान केविवि के छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सबकी वाहवाही लूटी। छात्राओं ने अपने कार्यक्रम से ना केवल मिनी भारत की संस्कृति से सबको रू-ब-रू करवाया, अपितु देश में बदल रहे हालातों पर अपने दृष्टिकोण को बताया। हरियाणवीं, राजस्थानी, बिहार लोकनृत्य व केरल लोकनृत्य की प्रस्तुति ने सभी ने सराहा।

शहर के सामाजिक सरोकार रखने वाले शिक्षक, चिकित्सक व सोशल वर्कर को महेंद्रगढ़ गौरव अवॉर्ड देने के बाद विवि के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय महेंद्रगढ़ केवल विद्यार्थियों को पढ़ाता ही नहीं है बल्कि उनकी क्षमताओं का विकास कर उन्हें देश का एक जिम्मेदार नागरिक भी बनाता है। यह बेहद गर्व की बात है कि महेंद्रगढ़ का नाम देश-दुनिया में ऊंचा करने वाले होनहार आज दैनिक भास्कर समूह के सहयोग से विश्वविद्यालय के सभागार में उपस्थित हुए हैं। अवश्य ही यह नई शुरूआत कही जाएगी और यकीनन इस साथ को आगे बढ़ाने का प्रयास हम करेंगे। विश्वविद्यालय सरकार के विभिन्न प्रयासों को मूर्त रूप देने का कार्य करता है।

रजिस्ट्रार सारिका शर्मा ने कहा कि किसी भी प्रदेश व देश का विकास वहां की शिक्षा पर निर्भर करता है। शिक्षा का स्तर अच्छा हो तो विकास के मार्ग खुलते हैं। साथ ही स्वास्थ्य भी उतना ही जरूरी है, जितनी शिक्षा। सामाजिक सरोकार भी विकास का आधार है। भास्कर व केंविवि का प्रयास है कि इन सबके समावेश से समाज निर्माण में जो महती भूमिका अदा कर रहे हैं, उन्हें सम्मान मिले। इसी प्रयास को को मूर्त रूप दिया गया है। इस मौके पर डॉ. अजयपाल, निदेशक, आउटरीच कार्यक्रम, डॉ. मनीष कुमार, सदस्य, आजादी का अमृत महोत्सव अभियान समिति ने भी अपने विचार रखे।

इनको मिला महेंद्रगढ़ गौरव अवॉर्ड

भास्कर व केविवि की ओर से सुभाषचंद अग्रवाल, चेयरमैन हैप्पी स्कूल, जगदीश यादव, चेयरमैन सूरज ग्रुप ऑफ स्कूल, मनीष राव, सीईओ आरपीएस ग्रुप ऑफ एजुकेशन, राव बहादुर सिंह, चेयरमैन यदुवंशी स्कूल ऑफ एजुकेशन, राजेंद्र यादव, पूर्व उप जिला शिक्षा अधिकारी, डॉ. बीएल यादव, चेयरमैन टैगोर ग्रुप ऑफ स्कूल, कर्मवीर यादव, एमडी कृष्णा ग्रुप ऑफ एजुकेशन, अनुश्री राव, एमडी दिल्ली पब्लिक स्कूल, महेंद्रगढ़, जगदेव यादव, एमडी, एसडी ककराला स्कूल, सत्यवीर यादव, चेयरमैन, यूरो ग्रुप ऑफ स्कूल, रोशन लाल, एमडी आरआरसीएम ग्रुप ऑफ स्कूल, सुरेन्द्र यादव, एमडी, राव जयराम ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस, सुनील यादव, चेयरमैन देवयानी इंटरनेशनल स्कूल, एमके यादव, संस्थापक दि आईएएस हब दिल्ली, अमित यादव, चेयरमैन, जीनियस एकेडमी, विक्रम लाम्बा, चेयरमैन नालंदा सीनियर सेकेंडरी स्कूल, रमेश सैनी, चेयरमैन बचपन प्ले स्कूल, महेंद्रगढ़, डॉ. मेजर सूरत सिंह, सर्जन, डॉ. राजीव यादव, हड्डी रोग विशेषज्ञ, डॉ. प्रदीप यादव, सर्जन, डॉ. राजवीर यादव, आई विशेषज्ञ, मंजू कौशिक, राष्ट्रीय युवा पुरस्कार विजेता, मुकेश महता, अध्यक्ष रोटरी क्लब, संदीप मालड़ा, समाजसेवी, रामजीवन मित्तल, समाजसेवी, महेंद्र सिंह देवनगर, समाजसेवी, नवीन मित्तल, समाजसेवी, नरेश गोयल चेयरमैन, समाजसेवी, सुमित गोयल, समाजसेवी महेंद्रगढ़ गौरव अवार्ड से नवाजा गया। इस कार्यक्रम में गोयल ईजी बाजार, डीपीएस स्कूल, लक्ष्मीनारायण अस्पताल, परफेक्ट स्कूल यूनिफार्म, दि आईएएस हब व संतोष कंस्ट्रक्शन कंपनी का सहयोग रहा।

राज्य स्तरीय पशु प्रदर्शनी में नीतू की गाय और बिजेंद्र की झोटी ने पाया पहले स्थान

दूसरे दिन की प्रतियोगिता में जिले के 5 पशुओं ने जीते नकद ईनाम

भास्कर न्यूज़ | नारनौल

भिवानी में आयोजित राज्य स्तरीय पशु प्रदर्शनी में दूसरे दिन आरंभ हुई पशुओं की विभिन्न कैटेगरी की प्रतियोगिताओं में जिले के 5 पशुओं ने ईनाम जीते हैं। इनमें कनीना खंड के गांव गुढा निवासी नीतू पत्नी पवन कुमार की एचएफ क्रॉस नस्ल की दो गायों ने ईनाम जीता है। इनमें एक गाय दुधारू कैटेगरी में प्रथम तथा एक गाय ड्राई कैटेगरी में तृतीय स्थान पर रही। इनको क्रमशः 51 हजार व 21 हजार का ईनाम दिया जाएगा। महेंद्रगढ़ खंड के गांव जोनावास निवासी बिरेंद्र सिंह की झोटी मुर्राह हीफर कैटेगरी में राज्यभर में प्रथम रही। उसको भी 51 हजार रुपए का ईनाम दिया जाएगा। वहीं गांव बाछौद निवासी हनुमान पुत्र रतिराम की गाय ने हरियाणा हीफर कैटेगरी में 2 दूसरे स्थान पर रहते हुए 11 हजार रुपए का ईनाम जीता है। गांव फैजअलीपुर निवासी मुनेश की मुर्राह भैंस ने ड्राई कैटेगरी में तीसरा स्थान हासिल कर 21 हजार रुपए का ईनाम जीता है। प्रतियोगिता देर रात तक चलेगी।

जिसके परिणाम रविवार को घोषित किए जाएंगे। ईनाम जीतने वाले पशुओं के पालकों को रविवार को समापन समारोह के मुख्यातिथि मुख्यमंत्री मनोहरलाल सम्मानित करेंगे तथा ईनाम जीतने वाले पशुओं का उनके समक्ष रैंप शो होगा। दूसरे दिन पहुंचे 500 से अधिक पशुपालक व किसान उपनिदेशक डॉ. नसीब सिंह का कहना है कि प्रदर्शनी को लेकर पशुपालकों व किसानों में खासा उत्साह है। दूसरे दिन शनिवार को जिले से 500 से अधिक पशुपालक व किसान भिवानी पहुंचे। जबकि पहले दिन शुक्रवार को यह आकड़ा 450 था। तीसरे दिन रविवार को यह संख्या और बढ़ने की उम्मीद है। पशुपालकों व किसानों को लाने ले जाने के लिए विभाग द्वारा रोडवेज बसों की व्यवस्था की गई है। बसों के अलावा अपने पर्सनल व्हीकल्स से भी काफी संख्या में पशुपालक व किसान प्रदर्शनी में पहुंच रहे हैं।

बिहाली गोशाला के वार्षिक उत्सव में लोक कलाकारों ने दी रंगारंग प्रस्तुति

भास्कर न्यूज़ | मंडी अटेली

श्री कृष्ण गोपाल गोशाला बिहारी में वार्षिकोत्सव की दूसरे दिन शनिवार को शुरुआत नारायण सिंह यादव रामपुरा की अध्यक्षता में हुई। इस मौके पर विधायक अटेली सीताराम यादव विशेष रूप से मौजूद रहे।

मनोज कारना पार्टी ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिसमें दीपा चौधरी, धर्मी तंवर, रचना तिवारी, बॉबी बघेल ने अपनी प्रस्तुति दी। कार्यक्रम की शुरुआत अजय बनाना ने सरस्वती वंदना से की। दीपा चौधरी ने इंसान की इच्छा पर रागनी तृष्णा रूपी झगड़ा से या तृष्णा न्यारी गाया तथा रचना तिवारी ने लोकनृत्य से समां बांधा। कार्यक्रम में गोशाला के लिए कायशा ग्राम की तरफ से 5 लाख 71 हजार तथा बजाड़ की ओर से 3 लाख 86 हजार रुपए दान स्वरूप दिए गए। वहीं नारायण सिंह श्यामपुरा ने 11 हजार तथा बलवीर सिंह प्रधान बिहाली ने 11 हजार रुपए, रामपुरा गांव की तरफ से 5 लाख गोशाला को प्रदान किए। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि चेयरमैन डॉ. बीर सिंह यादव, प्राचार्य डॉ. सुमेर सिंह, बलबीर बाबू रूप में उपस्थित रहे।

नि:शुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर आज

भास्कर न्यूज़ | नारनौल

शहर के सिंघाना रोड पर राजा गार्डन के पास क्लीनिक में 27 फरवरी सुबह 10 बजे से मेगा मेडिकल कैंप लगाया जाएगा। शिविर का शुभारंभ नांगल चौधरी के विधायक डॉ. अभय सिंह यादव करेंगे। देवेंद्र यादव ने बताया कि आईरिस क्लीनिक में लगने वाले शिविर में जयपुर के हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. संदीप यादव, अस्थमा एवं श्वांस रोग विशेषज्ञ डॉ. लोकेश मान, हार्मोंस एवं डाइबिटीज विशेषज्ञ डॉ. अंचिन, न्यूरो विशेषज्ञ डॉ. अनुराग चौधरी, यूरोलोजिस्ट डॉ. सुरेश, ईएनटी विशेषज्ञ डॉ. एसएम बाजिया तथा गुर्दा रोग विशेषज्ञ डॉ. निशा गौड़ मरीजों की जांच कर उन्हें उचित परामर्श देंगी।

स्वामी दयानंद के जन्मदिवस पर हवन

भास्कर न्यूज़ | नारनौल

स्वामी दयानन्द सरस्वती के 198वें जन्मदिवस के उपलक्ष्य में शनिवार को एनएलएस डीएवी स्कूल नारनौल में सामूहिक हवन का आयोजन किया गया। यह हवन प्राचार्य विरेंद्र कुमार की उपस्थिति में कप्तान जगराम आर्य व रमेश शास्त्री द्वारा संपन्न किया गया। प्राचार्य ने सभी बच्चों को सत्यार्थ प्रकाश पुस्तक का अध्ययन करने का आह्वान किया।

उन्होंने स्वामी दयानन्द सरस्वती के जन्मदिवस पर वेदों के महत्व तथा स्वामीजी के जीवन व कार्यों की जानकारी दी तथा बच्चो को वैदिक मान्यताओं को अपनाने की प्रेरणा दी। इस मौके पर स्कूल के सभी बच्चों व अध्यापकों ने यज्ञ में मंत्रोच्चारण के साथ आहुति डाली तथा सभी ने समाज के लिए समर्पित जीवन जीने एवं अंध विश्वास से दूर रहने की प्रेरणा ली। स्वामीजी ने निरोग रहने के लिए योग पर बल दिया था, उसी पर अमल करते हुए बच्चों द्वारा सूर्य नमस्कार व योगासन भी किया गया।

श्याम निशान पदयात्रा आज

भास्कर न्यूज़ | नारनौल

श्री श्याम परिवार के तत्वावधान में रविवार श्याम निशान पदयात्रा निकाली जाएगी। यह यात्रा चमत्कारी बालाजी मंदिर से चलकर जोरासीधाम स्थित श्याम बाबा मंदिर पहुंचेगी। अजय कुमार ने बताया कि निशान यात्रा से पूर्व चमत्कारी बालाजी मंदिर मे निशान उठाने वाले भक्तजनों से श्याम बाबा के पावन निशान की सपत्निक पूजा अर्चना करवाई जाएगी, जिसके बाद श्याम बाबा की विशाल निशान पदयात्रा प्रारंभ होगी, जिसमें सैकड़ों भक्तजन निशान उठाकर हिस्सा लेंगे। ढोल-नगाड़ों के साथ नाचते गाते हुए भक्तजन जोरासी धाम पहुंचकर श्याम बाबा के चरणों में निशान समर्पित कर अपनी यात्रा पूर्ण करेंगे। जिसके बाद वहां श्याम बाबा का भंडारा किया जाएगा।

विद्यार्थियों को किया सम्मानित

भास्कर न्यूज़ | नारनौल

परमाणु खनिज अन्वेषण और अनुसंधान निदेशालय हैदराबाद द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत ऑनलाइन आयोजित की गई राष्ट्रीय निबंधन लेखन व प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में कॉलेज के दो विद्यार्थियों मनीषा चौधरी व विकास ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। उनकी इस उपलब्धि पर शनिवार को कॉलेज में उनको सम्मानित किया गया। प्राचार्या डॉ. पूर्ण प्रभा ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उन्हें आगे भी अच्छा प्रदर्शन करने और महाविद्यालय का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया।

शिविर में किया रक्तदान

आकोदा | संस्कार भारती ग्रुप ऑफ इंस्टी ट्यूशन में शुक्रवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। संस्था के चेयरमैन सुदेश यादव व सीमा यादव ने रक्तदान को महादान बताते हुए इस शिविर की शुरूआत की। उन्होंने कहा कि रक्तदान करने से दिल की सेहत में सुधार होता है व दिल की बीमारियों और स्ट्रोक का खतरा भी कम हो जाता है। रक्तदान शिविर के दौरान संस्था की प्रिंसिपल सरोज यादव, योगेश, विकास आदि ने भी रक्तदान किया। वहीं संस्था की छात्राओं ने भी आगे आकर रक्तदान कर अपना योगदान दिया।

सामान्य ज्ञान क्विज में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

महेंद्रगढ़ | राव सुलतान सिंह सीनियर सेकेंडरी स्कूल निंबेडा में सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता हुई। जिसमें कक्षा छठी से 12वीं तक के बच्चों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में टीम डी के विद्यार्थी खुशी, प्रिया, साक्षी, सोनू, पायल, यशु, कर्मवीर, अंजलि, मनजीत, कंचन, जयप्रकाश पहले स्थान पर रहे। टीम सी के विद्यार्थी खुशी, नवीन, कुसुम, शीतल, पूजा, आरती, कविता, ममता, प्रिया, आरती, कविता, तमन्ना, दीपिका, अभिषेक और डेविड दूसरे स्थान पर रहे।

शादी के 35 साल बाद 68 वर्ष की आयु में सन्तान प्राप्ति

निल शुक्राणु बच्चेदानी की रसौली का आयुर्वेदिक इलाज

अम्बाला छावनी : 12 बार टेस्ट ट्यूब बेबी (आई.वी.एफ.) तथा 10 बार आई.यू.आई. कराने के बाद भी बच्चा न हुआ पर दम्पत्ति ने हिम्मत नहीं हारी। 68 वर्ष की उम्र में किस्मत बदल गई। घर में बच्चे की किलकारियों से एक नई रोशनी आ गई।

आखिर पति-पत्नी ने नब्ज दिखा कर अपना आयुर्वेदिक इलाज डॉ.के.सी.शर्मा, अमेरिकन अस्पताल, सर्राफा बाजार, अम्बाला छावनी फोन नम्बर 94160 15050 से करवाया व सन्तान प्राप्ति हुई। इससे पहले उन्होंने अपना इलाज शिमला, मुम्बई, गुड़गांव, हरियाणा, पंजाब व हिमाचल प्रदेश के मशहूर अस्पतालों से व एम्स दिल्ली तथा पीजीआई अस्पताल चंडीगढ़ से करवाया था पर निराशा ही मिली। एक दिन जालंधर में रहने वाली सहेली ने बताया कि उसको भी शादी के 35 साल बाद बच्चे की प्राप्ति डॉ.के.सी.शर्मा, अमेरिकन हॉस्पिटल, सर्राफा बाजार, अम्बाला छावनी फोन नं 94160 15050 को नब्ज दिखा कर आयुर्वेदिक इलाज करवा कर हुई थी। पति उम्र 68 वर्ष के शुक्राणु निल, सैक्स-मर्दाना कमजोरी, धात व शीघ्रपतन था। पत्नी उम्र 57 वर्ष को फैलोपियन ट्यूब बंद थी, पीरियड आगे-पीछे, बच्चेदानी में रसौली, फाइब्रॉइड व ओवरी में सिस्ट थे, अंडा-ओवम नहीं बनता था, पी.सी.ओ.डी. था। उसकी सलाह मान कर अमेरिकन हॉस्पिटल में नब्ज दिखा कर आयुर्वेदिक इलाज करवाया और सन्तान की प्राप्ति हुई। वहां से आयुर्वेदिक इलाज करवा कर कई स्त्रियों को 28 साल से रुकी माहवारी भी आ चुकी है एवं कई निःसंतान महिलाओं की गोद भर चुकी है।

निल शुक्राणु, सैक्स कमजोरी व ओवरी सिस्ट, यूटेरस में रसौली, फेलोपियन ट्यूब बन्द, बार बार एबॉर्शन मिसकैरेज होना, बच्चे की दिल की धड़कन न बनना ग्रोथ न होना, शादी से पहले और शादी के बाद मर्दाना एवं सैक्स कमजोरी का आयुर्वेदिक इलाज, कई स्त्रियों को 28 साल से रुकी माहवारी आई

जयंती • जिलेभर में मनाई गई स्वामी दयानंद सरस्वती की जयंती

जयंती पर स्वामी दयानंद को किया नमन

भास्कर न्यूज़ | महेंद्रगढ़

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय जाट-पाली में स्वामी दयानंद सरस्वती जयन्ती के उपलक्ष्य में दयानंद सरस्वती शोधपीठ, संस्कृत विभाग व योग विभाग द्वारा हवन का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में ऑनलाइन व ऑफलाइन दोनों माध्यमों से 40 से अधिक विद्यार्थी जुड़े। इसमें शोधपीठ के निदेशक प्रो. रणबीर सिंह भी उपस्थित रहे।

हकेंवि में स्वामी दयानंद की जयंती पर हवन करते प्रबंधन व विद्यार्थी।

कार्यक्रम में योग विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. अजयपाल, संस्कृत विभाग से डॉ. रविदत्त शर्मा और डॉ. विपिन कुमार झा उपस्थित रहे। यज्ञ-कर्म डॉ. रविकुमार शास्त्री द्वारा सम्पादित किया गया। डॉ. रविकुमार शास्त्री ने स्वामी दयानंद सरस्वती के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि वे आधुनिक भारत के महान चिन्तक, समाज-सुधारक तथा आर्य समाज के संस्थापक थे। उन्होंने वेदों की सत्ता को सदा सर्वोपरि माना। विषम परिस्थितियों में महर्षि दयानंद सरस्वती ने वेदों का अलख जगाई। इस मौके पर प्रदीप, कृष्ण, अक्षय मालडा, संदीप सेठ, देवेन्द्र, सरिता, समिता, गीता, चंचल, नवीन कुमारी, सविता, भरपाई देवी, दीक्षा, भारती, पूनम, नीरू, सुनील, रवीन्द्र , प्रदीप, रोहित, सोमवीर, निहाल, नित्यानन्द, देवेन्द्र व अन्य लोग उपस्थित रहे।

स्वामी दयानंन की जयंती पर हवन आयोजित

महेंद्रगढ़ | डीएवी पब्लिक स्कूल में शनिवार को स्वामी दयानंद सरस्वती की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय द्वारा हवन का आयोजन किया गया। इस दौरान व विद्यालय प्राचार्य राजेन्द्र अरोड़ा ने स्वामी की शिक्षाओं पर प्रकाश डालते हुए बताया कि स्वामी दयानंद सरस्वती आधुनिक भारत के महान समाज सुधारक थे। उन्होंने कहा कि सामाजिक कुरीतियों को खत्म करने में समाज में अपना योगदान दिया।

farnazfever.com

हरिभूमि
रोहतक -महेन्द्रगढ़
27 Feb 2022

केंद्रीय विश्वविद्यालय में हवन यज्ञ आयोजित

महेंद्रगढ़। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय जाट पाली में स्वामी दयानंद सरस्वती जयंती के उपलक्ष्य में दयानंद सरस्वती शोधपीठ, संस्कृत विभाग व योग विभाग के संयुक्त प्रयत्न से हवन किया गया। इसमें ऑनलाइन व ऑफलाइन दोनों माध्यमों से 40 से अधिक विद्यार्थी जुड़े। इसमें शोधपीठ के निदेशक प्रो. रणवीर सिंह उपस्थित रहे। वहीं कार्यक्रम में योग विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. अजयपाल, संस्कृत विभाग से डॉ. रविदत्त शर्मा और डॉ. बिपिन झा भी उपस्थित रहे। यज्ञकर्म डॉ. रवि शास्त्री द्वारा संपादित किया गया। डॉ. रवि शास्त्री ने स्वामी दयानंद सरस्वती के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि वे आधुनिक भारत के महान चिंतक, समाज-सुधारक थे।

'रोजगार चाहने वाला नहीं, देने वाला बनें'

हकेंवि दीक्षांत समारोह : राज्यपाल बंडारु दत्तात्रेय बोले, राष्ट्र निर्माण में योगदान के लिए कड़ी मेहनत करें विद्यार्थी

संवाद न्यूज एजेंसी

महेंद्रगढ़। देश और समाज को उपाधि प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों से बहुत अपेक्षाएं हैं। राष्ट्र के निर्माण में योगदान देने के लिए कड़ी मेहनत करने की आवश्यकता है। सरकार कौशल विकास और स्टार्टअप के क्षेत्र में रोजगार के लिए बहुत खर्च कर रही है। हमें नौकरी चाहने वाला बनने के बजाय नौकरी देने वाला बनना चाहिए।

यह विचार रविवार को हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के आठवें दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि प्रदेश के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने व्यक्त किए। इस मौके पर राज्यपाल ने चंद्रशेखर आजाद के बलिदान दिवस पर श्रद्धासुमन अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय का न्यूज लेटर और स्मारिका का विमोचन भी किया गया। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय प्रत्यायन बोर्ड के अध्यक्ष प्रो. केके अग्रवाल के अलावा सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ओमप्रकाश यादव, पूर्व शिक्षा मंत्री प्रो. रामबिलास शर्मा भी उपस्थित रहे।

राज्यपाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा चलाए जा रहे डिजिटल इंडिया अभियान का उल्लेख करते हुए कहा कि इस अभियान के माध्यम से रोजगार, स्वरोजगार व आत्मनिर्भरता के नए मार्ग खुलने के साथ-साथ यह अभियान देश को डिजिटल रूप से सशक्त व ज्ञान आधारित व्यवस्था में बदलाव लाने में सहायक साबित हो रहा है।

उन्होंने कहा कि आज आर्टिफिसियल इंटेलिजेंस, स्मार्ट बोर्ड, ब्लॉक चेन, कंप्यूटरिंग उपकरण आदि जैसे प्रौद्योगिकी क्षेत्र में रोजगार की अपार संभावनाएं हैं। राज्यपाल ने कोरोना महामारी के दौरान विश्वविद्यालय द्वारा किए गए कार्यों के लिए कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार व उनकी टीम को बधाई दी। उन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू करने के लिए विश्वविद्यालय द्वारा किए गए प्रयासों की भी सराहना की। विशिष्ट अतिथि प्रो. केके अग्रवाल ने कहा कि एक से अधिक विषयों का ज्ञान आवश्यक है। इसमें अंतः विषयी और लाइफ लॉन्ग लर्निंग पाठ्यक्रम महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि शोध स्थानीय एवं राष्ट्रीय विकास में मदद देने वाला होना चाहिए।

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के आठवें दीक्षांत साम्रोह की स्मारिका का विमोचन करते राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय, कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार व अन्य। संवाद

छात्रा को स्वर्ण पदक देते राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय, कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार। संवाद

24 स्वर्ण पदक सहित 1078 विद्यार्थियों को मिलीं उपाधियां

समारोह में कुल 1078 विद्यार्थियों और शोधार्थियों को पीएचडी, एमफिल, स्नातक व स्नातकोत्तर की उपाधियां व स्वर्ण पदक प्रदान किए गए। स्नातक पाठ्यक्रमों के तहत बीटेक के 148 तथा बीवॉक में 72 विद्यार्थियों को तथा स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में 825 विद्यार्थियों को डिग्रियां प्रदान की गईं। 19 शोधार्थियों को पीएचडी एवं 14 को एमफिल की उपाधि प्रदान की गई। 1078 विद्यार्थियों व शोधार्थियों में 604 छात्र और 474 छात्राएं शामिल हैं। 975 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए हैं।

विवि ने अनुसंधान को बढ़ावा देने के उद्देश को दृढ़ रखा

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने विश्वविद्यालय की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए बताया कि महामारी की विभिन्न चुनौतियों एवं बाधाओं के बावजूद विश्वविद्यालय ने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और अनुसंधान को बढ़ावा देने के अपने उद्देश्य को दृढ़ रखा। दीक्षांत समारोह में विश्वविद्यालय की कुल सचिव प्रो. सारिका शर्मा, परीक्षा नियंत्रक प्रो. राजीव कौशिक, वित्त अधिकारी डॉ. विकास कुमार, विभागों के विभागाध्यक्ष, शिक्षक, कर्मचारी, विद्यार्थी उपस्थित रहे।

स्वर्ण पदक पाकर खिले होनहारों के चेहरे, अलग-अलग रही सफलता की कहानी

संवाद न्यूज एजेंसी

महेंद्रगढ़। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय महेंद्रगढ़ में रविवार को आयोजित आठवें दीक्षांत समारोह में स्वर्ण पदक प्राप्त कर विद्यार्थियों की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। मेहनत का फल कैसा होता है यह उनके चमकते चेहरों को देखकर सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता था। किसी ने सफलता का श्रेय गुरुजनों को दिया तो किसी ने परिवार के योगदान को महत्वपूर्ण बताया। हर किसी की सफलता की कहानी अलग-अलग थी।

सफलता का श्रेय गुरुजन और परिवार को दिया

शिक्षकों को दिया सफलता का श्रेय

दरभंगा की साक्षी अग्रवाल ने मास्टर ऑफ बायो टेक्नोलॉजी में स्वर्ण पदक हासिल किया। उन्होंने अपने विचार सांझा करते हुए अपनी इस सफलता का श्रेय शिक्षकों को दिया और कहा कि उनके बताए मार्ग पर चलकर ही उन्हें यह उपलब्धि प्राप्त हुई। साक्षी ने कहा कि वे शिक्षकों की सदैव ऋणी रहेंगी।

संघर्ष से हुई शुरूआत तो सफलता ने दिया फल

झारखंड की विजया भारती ने प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग टेक्नोलॉजी में अपने उल्लेखनीय प्रदर्शन के लिए स्वर्ण पदक हासिल किया। उन्होंने कहा कि शुरुआत भले ही संघर्ष के साथ हुई लेकिन सफलता बेहद फलदायी रही। उन्होंने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और शिक्षकों को दिया।

साथियों के सहयोग से भेदा लक्ष्य

बिहार के पटना के रोहित राज ने बायो मेडिकल साइंस में स्वर्ण पदक हासिल करने के बाद कहा कि वे विश्वविद्यालय में मिली शिक्षा और साथियों के सहयोग से इस लक्ष्य को भेद पाए। उन्होंने यहां मिले ज्ञान के लिए शिक्षकों को हृदय से आभार जताया।

विवि में मिला बेहतर शैक्षणिक माहौल तो पाई सफलता

भौतिकी की छात्रा खुशबू और आयुषी ने स्वर्ण पदक दिखाते हुए कहा कि उनकी सफलता का सबसे अहम कारण विश्वविद्यालय में मिला शैक्षणिक माहौल रहा। राजस्थान की रहने वाली इन दोनों बेटियों ने अपनी जैसी अन्य छात्राओं को जीवन में परिश्रम के लिए सतत प्रयास करने की सीख दी।

दैनिक भास्कर एवं केंद्रीय विश्वविद्यालय ने किया हस्तियों का सम्मान

महेंद्रगढ़ गौरव अवार्ड - 2022

समारोह में मुख्यातिथि प्रो. टकेंश्वर कुमार जी, कुलपति कैंविवि हरियाणा रहें तथा कार्यक्रम कि अध्यक्षता प्रो. सारिका शर्मा जी, रजिस्ट्रार कैंविवि हरियाणा ने की।

Central University of Haryana

मुख्यातिथि प्रो. टकेंश्वर कुमार जी, कुलपति कैंविवि दीप प्रज्जवलित करते हुए

मुख्यातिथि प्रो. टकेंश्वर कुमार जी, कुलपति कैंविवि समारोह संबोधित करते हुए

मुख्यातिथि प्रो. टकेंश्वर कुमार जी, कुलपति कैंविवि को स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए भास्कर टीम

महेन्द्रगढ़ गौरव अवार्ड-2022 सम्मान समारोह मे सम्मान ग्रहण करने वाले हस्तियों के साथ मुख्यातिथि प्रो. टकेंश्वर कुमार जी, कुलपति कैंविवि हरियाणा एवं प्रो. सारिका शर्मा जी, रजिस्ट्रार कैंविवि हरियाणा

अशोक शर्मा जी, रिजनल हेड, दैनिक भास्कर हरियाणा व प्रो. सारिका शर्मा जी, रजिस्ट्रार कैंविवि दीप प्रज्जवलित करते हुए

प्रो. सारिका शर्मा जी, रजिस्ट्रार कैंविवि समारोह संबोधित करते हुए

प्रो. सारिका शर्मा जी, रजिस्ट्रार कैंविवि को स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए भास्कर टीम

सुभाषचंद अग्रवाल, चेयरमैन हैप्पी स्कूल को सम्मानित करते हुए प्रो. टकेंश्वर कुमार जी

मनीष राव, सीईओ आरपीएस ग्रुप ऑफ एजुकेशन को सम्मानित करते हुए प्रो. टकेंश्वर कुमार जी

राव करण सिंह, वाइस चेयरमैन यदुवंशी ग्रुप ऑफ एजुकेशन को सम्मानित करते हुए प्रो. टकेंश्वर कुमार जी

राजेंद्र यादव, पूर्व उप जिला शिक्षा अधिकारी को सम्मानित करते हुए प्रो. टकेंश्वर कुमार जी

डॉ. बीएल यादव, चेयरमैन, टैगोर ग्रुप ऑफ एजुकेशन को सम्मानित करते हुए सुनिल शर्मा जी

कर्मवीर राव, एमडी श्री कृष्णा ग्रुप ऑफ एजुकेशन को सम्मानित करते हुए प्रो. टकेंश्वर कुमार जी

अनुश्री राव, एमडी दिल्ली पब्लिक स्कूल, महेन्द्रगढ़ को सम्मानित करते हुए प्रो. टकेंश्वर कुमार जी

जगदेव यादव, एमडी, एस.डी. स्कूल, ककराला को सम्मानित करते हुए प्रो. टकेंश्वर कुमार जी

सत्यवीर यादव, चेयरमैन, यूरो ग्रुप ऑफ स्कूल को सम्मानित करते हुए प्रो. टकेंश्वर कुमार जी

रोशन लाल, एमडी आर.आर.सी.एम. ग्रुप ऑफ एजुकेशन को सम्मानित करते हुए प्रो. टकेंश्वर कुमार जी

सुरेन्द्र यादव, एमडी, राव जयराम ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस को सम्मानित करते हुए राकेश यादव व सुनिल शर्मा जी

सुनील यादव, चेयरमैन देवयानी इंटरनेशनल स्कूल को सम्मानित करते हुए प्रो. टकेंश्वर कुमार जी

एमके यादव, संस्थापक AI Testified को सम्मानित करते हुए प्रो. टकेंश्वर कुमार जी

अमित यादव, चेयरमैन, जीनियस एकेडमी को सम्मानित करते हुए प्रो. टकेंश्वर कुमार जी

रमेश सैनी, चेयरमैन बचपन प्ले स्कूल, महेंद्रगढ़ को सम्मानित करते हुए प्रो. टकेंश्वर कुमार जी

डॉ. मेजर सूरत सिंह, सर्जन, शरबती सर्जीकल मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल को सम्मानित करते हुए प्रो. टकेंश्वर कुमार जी

डॉ. राजीव यादव, हड्डी रोग विशेषज्ञ, यादव आर्थो हॉस्पिटल को सम्मानित करते हुए आनंद शर्मा जी

डॉ. प्रदीप यादव, सर्जन, लक्ष्मी नारायण हॉस्पिटल को सम्मानित करते हुए राकेश यादव व सुनिल शर्मा जी

डॉ. राजबीर यादव, आई विशेषज्ञ, सावित्री आई हॉस्पिटल को सम्मानित करते हुए प्रो. टकेंश्वर कुमार जी

मंजू कौशिक, राष्ट्रीय युवा पुरस्कार विजेता को सम्मानित करते हुए प्रो. टकेंश्वर कुमार जी

मुकेश महता, अध्यक्ष रोटरी क्लब को सम्मानित करते हुए प्रो. टकेंश्वर कुमार जी

संदीप मालड़ा, समाजसेवी को सम्मानित करते हुए प्रो. टकेंश्वर कुमार जी

रामजीवन मित्तल, समाजसेवी को सम्मानित करते हुए प्रो. टकेंश्वर कुमार जी

सुमित गोयल, समाजसेवी को सम्मानित करते हुए प्रो. टकेंश्वर कुमार जी

हकेंवि महेंद्रगढ़ के 8वें दीक्षांत समारोह का आयोजन, राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय रहे मुख्यातिथि

24 को स्वर्ण पदक, 19 को पीएचडी, 14 को एमफिल व 1045 विद्यार्थियों को दी गई स्नातक और स्नातकोत्तर की उपाधि

भास्कर न्यूज | महेंद्रगढ़

हकेंवि महेंद्रगढ़ के आठवें दीक्षांत समारोह का रविवार आयोजन हुआ। दीक्षांत समारोह में राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने मुख्यातिथि के तौर पर शिरकत की। राष्ट्रीय प्रत्यायन बोर्ड के अध्यक्ष प्रो. केके अग्रवाल विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ओमप्रकाश यादव व पूर्व शिक्षा मंत्री प्रो. रामबिलास शर्मा भी उपस्थित रहे।

राज्यपाल ने इस अवसर पर स्वतंत्रता सेनानी चंद्रशेखर आजाद के बलिदान दिवस के अवसर पर उन्हें श्रद्धासुमन भी अर्पित किए। विश्वविद्यालय में आयोजित इस दीक्षांत समारोह की शुरूआत कुलगीत के साथ हुई। इस अवसर पर विश्वविद्यालय का न्यूज लेटर व स्मारिका का विमोचन भी किया गया। राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने उपाधि प्राप्त करने वाले सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सरकार कौशल विकास व स्टार्ट-अप के क्षेत्र में रोजगार के लिए सराहनीय कार्य कर रही है। हमें नौकरी चाहने वाले की बजाय नौकरी देने वाले बनने की जरूरत है।

उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा चलाए जा रहे डिजिटल इंडिया अभियान का उल्लेख करते हुए कहा कि इस अभियान के माध्यम से रोजगार, स्वरोजगार व आत्मनिर्भरता के नए मार्ग खुलने के साथ-साथ यह अभियान देश को डिजिटल रूप से सशक्त समाज व ज्ञान आधारित व्यवस्था में बदलाव लाने में सहायक साबित हो रहा है। उन्होंने कहा कि आज आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, स्मार्ट बोर्ड, ब्लॉकचेन, कंप्यूटिंग उपकरण आदि जैसे प्रौद्योगिकी क्षेत्र में रोजगार की अपार संभावनाएं हैं। मुख्य अतिथि ने कोरोना महामारी के दौरान विश्वविद्यालय द्वारा किए गए कार्यों के लिए कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार व उनकी टीम को बधाई दी। उन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू करने के लिए विश्वविद्यालय द्वारा किए गए प्रयासों की भी सराहना की।

दीक्षांत समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित प्रो. केके अग्रवाल ने कहा कि एक से अधिक विषयों का ज्ञान आवश्यक है। इसमें अंतः विषयी और लाइफ लांग लर्निंग पाठ्यक्रम महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि शोध स्थानीय एवं राष्ट्रीय विकास में मदद देने वाला होना चाहिए। विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने विश्वविद्यालय की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। दीक्षांत समारोह में विश्वविद्यालय की कार्यकारी परिषद, शैक्षणिक परिषद व विश्वविद्यालय की कोर्ट के सदस्य, विभिन्न शिक्षण संस्थानों, विश्वविद्यालय की विभिन्न पीठों के अधिष्ठाता, कुलसचिव प्रो. सारिका शर्मा, परीक्षा नियंत्रक प्रो. राजीव कौशिक, वित्त अधिकारी डॉ. विकास कुमार, विभागों के विभागाध्यक्ष, शिक्षक, कर्मचारी, विद्यार्थी व शोधार्थी उपस्थित रहे।

महेंद्रगढ़ में हकेंवि के आठवें दीक्षांत सामरोह की स्मारिका का विमोचन करते राज्यपाल।

स्वर्ण पदक विजेताओं की सूची

विद्यार्थी का नाम	विभाग का नाम
1 देवाशीष पॉल, विद्या निष्णात	(शिक्षा)
2 निशांत गौड़, प्रौद्योगिकी स्नातक	(निर्माणअभियांत्रिकी)
3 रूपेश कुमार गर्ग, प्रौद्योगिकी स्नातक	(कम्प्यूटर विज्ञान अभियांत्रिकी)
4 मोहम्मद शाहबाज खान, प्रौद्योगिकी स्नातक	(विद्युत अभियांत्रिकी)
5 विजया भारती, प्रौद्योगिकी स्नातक	(मुद्रण एवं पैकेजिंग प्रौद्योगिकी)
6 रोहित राज, व्यवसाय स्नातक	(जैव-चिकित्सकीय विज्ञान)
7 कुमारी अपर्णा, व्यवसाय स्नातक	(औद्योगिक अपशिष्ट प्रबंधन)
8 ऐश्वर्या जोशी, व्यवसाय स्नातक	(खुदरा एवं रसद प्रबंधन)
9 मोनिका, शिक्षा स्नातक	(बीएड)
10 सूरज गौतम, कला निष्णात	(अर्थशास्त्र)
11 मानशी तंवर, कला निष्णात	(मनोविज्ञान)
12 सुश्री स्निग्धा, दंडपाट	(पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान निष्णात)
13 तनुजा मोहंती, विज्ञान निष्णात	(जैव-रसायनविज्ञान)
14 साक्षी अग्रवाल, विज्ञान निष्णात	(जैव-प्रौद्योगिकी)
15 स्नेहलता, विज्ञान निष्णात	(रसायन विज्ञान)
16 शिवांगी गुसाईं, विज्ञान निष्णात	(पर्यावरण विज्ञान)
17 सैयद इर्तिजा मजीद, विज्ञान निष्णात	(भूगोल)
18 शर्मिला, विज्ञान निष्णात	(गणित)
19 मधु यादव, विज्ञान निष्णात	(सूक्ष्मजीव विज्ञान)
20 दीपिका, विज्ञान निष्णात	(पोषण जीवविज्ञान)
21 आयुषी मिगलानी, विज्ञान निष्णात	(भौतिकी)
22 खुशबू शर्मा, विज्ञान निष्णात	(भौतिकी)
23 सलोनी गोयल, विज्ञान निष्णात	(सांख्यिकी)
24 तेजेंद्र, विज्ञान निष्णात	(योग)

24 स्वर्ण पदक सहित 1078 विद्यार्थियों को उपाधियां

हकेंवि के आठवें दीक्षांत समारोह में कुल 1078 विद्यार्थियों व शोधार्थियों को पीएचडी, एमफिल, स्नातक व स्नातकोत्तर की उपाधियां व स्वर्ण पदक प्रदान किए गए। इनमें स्नातक पाठ्यक्रमों के अंतर्गत बीटेक में 148 तथा बीकॉम में 72 विद्यार्थियों को तथा स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में 825 विद्यार्थियों को डिग्री प्रदान की गई। 19 शोधार्थियों को पीएचडी एवं 14 को एमफिल की उपाधि प्रदान की गई। 1078 विद्यार्थियों व शोधार्थियों में 604 छात्र और 474 छात्राएं शामिल हैं। 975 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए हैं।

हकेंवि के दीक्षांत समारोह में स्वर्ण पदक पाकर खिले होनहारों के चेहरे

स्वर्ण पदक विजेता विद्यार्थियों ने सफलता का श्रेय मेहनत, शिक्षकों और गुरुजनों को दिया

भास्कर न्यूज़ | महेंद्रगढ़

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि), महेंद्रगढ़ में रविवार को आयोजित आठवें दीक्षांत समारोह में स्वर्ण पदक पाने वाले विद्यार्थियों की खुशी देखते ही बन रही थी। मेहनत का फल कैसा होता है यह उनके चमकते चेहरों को देखकर सहज ही पता चल रहा था। किसी ने सफलता का श्रेय गुरुजनों को दिया तो किसी ने परिवार के योगदान को महत्त्वपूर्ण बताया। हर किसी की सफलता की कहानी अलग-अलग थी।

साक्षी को बायोटक्नोलॉजी में मिला स्वर्ण

दरभंगा की साक्षी अग्रवाल ने मास्टर ऑफ बायोटेक नोलॉजी में स्वर्ण पदक हासिल किया। उन्होंने अपने विचार साझा करते हुए अपनी इस सफलता का श्रेय शिक्षकों को दिया और कहा कि उनके बताए मार्ग पर चलकर ही उन्हें यह उपलब्धि प्राप्त हुई। साक्षी ने कहा कि वे शिक्षकों की सदैव ऋणी रहेंगी।

भौतिकी में खुशबू और आयुषी को स्वर्ण

भौतिकी की छात्राएं खुशबू और आयुषी ने स्वर्ण पदक दिखाते हुए कहा कि उनकी सफलता का सबसे अहम कारण विश्वविद्यालय में मिला शैक्षणिक माहौल रहा। राजस्थान की रहने वाली इन दोनों बेटियों ने अपनी जैसी अन्य छात्राओं को जीवन में परिश्रम के लिए सतत प्रयास करने की सीख दी।

रोहित राज को बायोमेडिकल में मिला स्वर्ण

बिहार के पटना के रोहित राज ने बायोमेडिकल साइंसेज में स्वर्ण पदक हासिल करने के बाद कहा कि वे विश्वविद्यालय में मिली शिक्षा और साथियों के सहयोग से इस लक्ष्य को भेद पाए। उन्होंने यहां मिले ज्ञान के लिए शिक्षकों को हृदय से आभार जताया।

विजया भारती को प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग टेक्नोलॉजी में मिला स्वर्ण

झारखंड की विजया भारती ने प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग टेक्नोलॉजी में अपने उल्लेखनीय प्रदर्शन के लिए स्वर्ण पदक हासिल किया। उन्होंने कहा कि शुरुआत भले ही संघर्ष के साथ हुई लेकिन सफलता बेहद फलदायी रही। उन्होंने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और शिक्षकों को दिया।

'संतुलन-दूत' का हुआ मंचन

कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति ने की

भास्कर न्यूज़ | महेंद्रगढ़

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर ने की।

मुख्यातिथि के रूप में पद्मश्री प्रो. एचसी वर्मा उपस्थित रहे। विश्वविद्यालय परिवार के सभी सदस्यों और सम्मानित अतिथियों की मौजूदगी में हिंदी विभाग के सहायक प्रोफेसर डॉ. पंकज कुमार 'सत्यार्थी' द्वारा लिखित एवं निर्देशित काव्य-नाटक 'संतुलन–दूत' का मंचन किया गया। स्त्री-प्रधान नाटक 'संतुलन-दूत' के मुख्य पात्र का अभिनय ईशा सिंह, रजनी ठाकुर, अनमोल रतन तथा अनुज यादव ने किया। प्रस्तुत मंचन में सचिन, नैना, नारायण तथा विश्वविद्यालय के अन्य छात्र–छात्राओं ने अपनी भागीदारी दर्ज की।

सभी कलाकारों ने अपने जीवंत अभिनय से वहां उपस्थित दर्शकों को नाटक के माध्यम से स्त्री विषय पर सोचने को विवश किया। विश्व-निर्माण में महिलाओं की भागीदारी की स्वीकृति के समर्थन में लिखा गया यह नाटक दर्शकों के भीतर महिला समाज के प्रति जागरूकता पैदा करता है। शोषण के लगभग सभी आयाम पर प्रहार करता यह नाटक अपने मूल में स्त्री-समस्याओं को रेखांकित करते हुए समाज के भीतर चेतना प्रदान करता है जिससे स्त्री-समस्याओं के प्रति गहराई से विचार किया जा सके।

रोजगार चाहने वाले नहीं देने वाले बनें : राज्यपाल

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के आठवें दीक्षांत समारोह में शामिल हुए राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय

संवाद सहयोगी, महेंद्रगढ़: हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय महेंद्रगढ़ के आठवें दीक्षांत समारोह का आयोजन रविवार को हुआ। इस अवसर पर हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने मुख्य अतिथि के तौर पर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में राष्ट्रीय प्रत्यायन बोर्ड के अध्यक्ष प्रो. केके अग्रवाल दीक्षांत समारोह में शामिल हुए। दीक्षांत समारोह में हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ओमप्रकाश यादव व पूर्व शिक्षा मंत्री प्रो. रामबिलास शर्मा भी उपस्थित रहे। राज्यपाल ने इस अवसर पर स्वतंत्रता सेनानी चंद्रशेखर आजाद के बलिदान दिवस के अवसर पर उन्हें श्रद्धा सुमन भी अर्पित किए। विश्वविद्यालय में आयोजित इस दीक्षांत समारोह की शुरूआत कुलगीत के साथ हुई। इस अवसर पर विश्वविद्यालय का न्यूज लेटर व स्मारिका का

विमोचन भी किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने उपाधि प्राप्त करने वाले सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि समाज और देश को डिग्री प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों से बहुत अपेक्षाएं हैं। उन्होंने कहा कि सरकार कौशल विकास व स्टार्ट अप के क्षेत्र में रोजगार के लिए बहुत खर्च कर रही है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा चलाए जा रहे डिजिटल इंडिया अभियान का उल्लेख करते हुए कहा कि इस अभियान के माध्यम से रोजगार, स्वरोजगार व आत्मनिर्भरता के नए मार्ग खुलने के साथ-साथ यह अभियान देश को डिजिटल रूप से सशक्त समाज व ज्ञान आधारित व्यवस्था में बदलाव लाने में सहायक साबित हो रहा है। उन्होंने कहा कि आज आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, स्मार्ट बोर्ड, ब्लाकचेन, कंप्यूटिंग उपकरण आदि जैसे प्रौद्योगिकी क्षेत्र में रोजगार की अपार संभावनाएं हैं। मुख्य अतिथि ने कोरोना महामारी के दौरान विश्वविद्यालय द्वारा किए गए कार्यों के लिए कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार व उनकी टीम को

बधाई दी। उन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू करने के लिए विश्वविद्यालय द्वारा किए गए प्रयासों की भी सराहना की। दीक्षांत समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित प्रो. केके अग्रवाल ने कहा कि एक से अधिक विषयों का ज्ञान आवश्यक है। उन्होंने कहा कि शोध स्थानीय एवं राष्ट्रीय विकास में मदद देने वाला होना चाहिए। विवि कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने अपने संबोधन में विवि की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की और मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि का उनकी उपस्थिति के लिए हृदय से आभार प्रकट किया। इस अवसर पर कुलपति ने उपाधि व स्वर्ण पदक पाने वाले विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर विवि की उपलब्धियों का ब्यौरा प्रस्तुत करते हुए कुलपति ने बताया कि महामारी की विभिन्न चुनौतियों एवं बाधाओं के बावजूद विश्वविद्यालय ने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और अनुसंधान को बढ़ावा देने के अपने उद्देश्य को दृढ़ रखा। विश्वविद्यालय की शोध उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि उन्हें विश्वास है कि विवि आने वाले वर्षों में अपने अनुसंधान एवं नवाचार कार्यों में अग्रणी स्थिति में होगा। दीक्षांत समारोह में विवि की कार्यकारी परिषद, शैक्षणिक परिषद व विवि की कोर्ट के सदस्य, विभिन्न शिक्षण संस्थानों, विवि की विभिन्न पीठों के अधिष्ठाता, कुलसचिव प्रो. सारिका शर्मा, परीक्षा नियंत्रक प्रो. राजीव कौशिक, वित्त अधिकारी डा. विकास कुमार, विभागों के विभागाध्यक्ष, शिक्षक, कर्मचारी, विद्यार्थी व शोधार्थी उपस्थित रहे।

हकेंवि के आठवें दीक्षांत समारोह की स्मारिका का विमोचन करते हुए राज्यपाल ● सा संस्था

हकेंवि के आठवें दीक्षांत समारोह मे स्वर्ण पदक देते हुए राज्यपाल ● साभार संस्था

24 स्वर्ण सहित 1078 विद्यार्थियों को उपाधियां

हकेंवि के आठवें दीक्षांत समारोह में कुल 1078 विद्यार्थियों व शोधार्थियों को पीएचडी, एमफिल, स्नातक व स्नातकोत्तर की उपाधियां व स्वर्ण पदक प्रदान किए गए। इनमें स्नातक पाठ्यक्रमों के अंतर्गत बीटेक में 148 तथा बीवाक में 72 विद्यार्थियों को तथा स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में 825 विद्यार्थियों को डिग्री प्रदान की गई। 19 शोधार्थियों को पीएचडी एवं 14 को एमफिल की उपाधि प्रदान की गई।

हकेंवि का आठवां दीक्षांत समारोह

'नौकरी चाहने वाले नहीं देने वाले बनें छात्र'



महेंद्रगढ़ में रविवार को दीक्षांत समारोह एक छात्रा को स्वर्ण पदक प्रदान करते राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय। -निस

महेन्द्रगढ़, 27 फरवरी (निस)

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि) का आठवां दीक्षांत समारोह रविवार को हुआ। मुख्य अतिथि राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय थे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में राष्ट्रीय प्रत्यायन बोर्ड के अध्यक्ष प्रो. केके अग्रवाल शामिल हुए। इस अवसर पर सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ओमप्रकाश यादव व पूर्व शिक्षा मंत्री प्रो. रामबिलास शर्मा भी उपस्थित रहे।

दीक्षांत समारोह में 1078 विद्यार्थियों व शोधार्थियों को पीएचडी, एमफिल, स्नातक व स्नातकोत्तर की उपाधियां व स्वर्ण पदक प्रदान किए गए। राज्यपाल ने विद्यार्थियों को संबोधित किया और कहा कि समाज और देश को डिग्री प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों से बहुत अपेक्षाएं हैं। उन्होंने कहा कि हमें नौकरी चाहने की बजाय नौकरी देने वाले बनने की जरूरत है। आज आर्टिफिसियल इंटेलिजेंस, स्मार्ट बोर्ड, ब्लॉकचेन, कंप्यूटिंग उपकरण आदि जैसे प्रौद्योगिकी क्षेत्र में रोजगार की अपार संभावनाएं हैं।

प्रो. केके अग्रवाल ने कहा कि एक से अधिक विषयों का ज्ञान आवश्यक है। शोध स्थानीय एवं राष्ट्रीय विकास में मदद देने वाला होना चाहिए। इस अवसर पर कुलपति प्रो. टंकेश्वर मौजूद थे।

दैनिक ट्रिब्यून Mon, 28 February 2022
https://epaper.dainiktribu

केंद्रीय विवि के दीक्षांत समारोह

स्वर्ण पदक विजेताओं को किया सम्मानित

- राज्यपाल दत्तात्रेय एवं कुलपति टंकेश्वर ने सम्मान बढ़ाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

केंद्रीय विश्वविद्यालय जांट-पाली के आठवें दीक्षांत समारोह में राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने स्वर्ण पदक विजेताओं को भी सम्मानित किया, जिनमें देवाशीष पॉल विद्या निष्णात (शिक्षा), निशांत गौड़ प्रौद्योगिकी स्नातक (निर्माण अभियांत्रिकी), रूपेश गर्ग प्रौद्योगिकी स्नातक (कंप्यूटर विज्ञान अभियांत्रिकी), मोहम्मद शाहबाज खान प्रौद्योगिकी स्नातक (विद्युत अभियांत्रिकी), विजया भारत प्रौद्योगिकी स्नातक (मुद्रण एवं पैकेजिंग प्रौद्योगिकी), रोहित राज व्यवसाय स्नातक (जैव-चिकित्सकीय विज्ञान), अपर्णा व्यवसाय स्नातक (औद्योगिक अपशिष्ट प्रबंधन), ऐश्वर्या जोशी व्यवसाय स्नातक (खुदरा एवं रसद प्रबंधन), मोनिका शिक्षा स्नातक (बीएड), सूरज गौतम कला निष्णात (अर्थशास्त्र), मानशी तंवर कला निष्णात (मनोविज्ञान), सुश्री स्निग्धा दंडपाट पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान निष्णात, तनुजा मोहंती विज्ञान निष्णात (जैव-रसायन विज्ञान), साक्षी अग्रवाल विज्ञान निष्णात (जैव-प्रौद्योगिकी), स्नेहलता विज्ञान निष्णात (रसायन विज्ञान), शिवांगी गुसाईं विज्ञान निष्णात (पर्यावरण विज्ञान), सैयद इर्तिजा मजीद विज्ञान निष्णात (भूगोल), शर्मिला विज्ञान निष्णात (गणित), मधु यादव विज्ञान निष्णात (सूक्ष्म जीव विज्ञान), दीपिका विज्ञान निष्णात (पोषण जीवविज्ञान), आयुषी मिगलानी विज्ञान निष्णात (भौतिकी), खुशबू शर्मा विज्ञान निष्णात (भौतिकी), सलोनी गोयल विज्ञान निष्णात (सांख्यिकी) एवं तेजेंद्र विज्ञान निष्णात (योग) शामिल हैं।

महेंद्रगढ़। दीक्षांत समारोह में स्वर्ण पदक से सम्मानित करते राज्यपाल। फोटो: हरिभूमि

इन सभी को राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय एवं कुलपति टंकेश्वर समेत अन्य अतिथियों ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

शहीद चंद्रशेखर आजाद के बलिदान दिवस पर श्रद्धासुमन अर्पित

रोजगार चाहने वाले नहीं देने वाले बनें : राज्यपाल

- हकेंवि के आठवें दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय
- 24 विद्यार्थियों व शोधार्थियों को स्वर्ण पदक, 19 को पीएचडी, 14 को एमफिल और 1045 विद्यार्थियों को मिली स्नातक व स्नातकोत्तर की उपाधि

महेंद्रगढ़। केंद्रीय विवि में विश्वविद्यालय का न्यूज लेटर व स्मारिका का विमोचन करते राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय एवं अतिथिगण। फोटो : हरिभूमि

24 स्वर्ण पदक सहित 1078 विद्यार्थियों को मिली उपाधियां

हकेंवि के आठवें दीक्षांत समारोह में कुल 1078 विद्यार्थियों व शोधार्थियों को पीएचडी., एमफिल, स्नातक व स्नातकोत्तर की उपाधियां व स्वर्ण पदक प्रदान किए गए। इनमें स्नातक पाठ्यक्रमों के अंतर्गत बीटेक में 148 तथा बीवॉक में 72 विद्यार्थियों को तथा स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में 825 विद्यार्थियों को डिग्री प्रदान की गई। 19 शोधार्थियों को पीएचडी एवं 14 को एमफिल की उपाधि प्रदान की गई। 1078 विद्यार्थियों व शोधार्थियों में 604 छात्र और 474 छात्राएं शामिल हैं। 975 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए हैं।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के आठवें दीक्षांत समारोह में राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करते हुए उपाधि प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि समाज और देश को डिग्री प्राप्त करने वाले इन विद्यार्थियों से बहुत अपेक्षाएं हैं। हमें नौकरी चाहने वाले की बजाय नौकरी देने वाले बनने की जरूरत है। समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में राष्ट्रीय प्रत्यायन बोर्ड के अध्यक्ष प्रो. केके अग्रवाल, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ओमप्रकाश यादव एवं पूर्व शिक्षा मंत्री प्रो. रामबिलास शर्मा भी उपस्थित रहे। राज्यपाल ने स्वतंत्रता सेनानी चंद्रशेखर आजाद के बलिदान दिवस पर उन्हें श्रद्धासुमन भी अर्पित किए। इस अवसर पर उन्होंने विश्वविद्यालय का न्यूज लेटर व स्मारिका का विमोचन भी किया गया। राज्यपाल ने आगे कहा कि हमें समाज और राष्ट्र के लिए योगदान देने के लिए कड़ी मेहनत करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि सरकार कौशल विकास व स्टार्ट अपस के क्षेत्र में रोजगार हेतु बहुत खर्च कर रही है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा चलाए जा रहे डिजिटल इंडिया अभियान का उल्लेख करते हुए कहा कि इस अभियान के माध्यम से रोजगार, स्वरोजगार व आत्मनिर्भरता के नए मार्ग खुलने के साथ-साथ यह अभियान देश को डिजिटल रूप से सशक्त समाज व ज्ञान आधारित व्यवस्था में बदलाव लाने में सहायक साबित हो रहा है। मुख्य अतिथि ने कोरोना महामारी के दौरान विश्वविद्यालय द्वारा किए गए कार्यों के लिए कुलपति प्रो. टंकेश्वर व उनकी टीम को बधाई दी। उन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू करने के लिए विश्वविद्यालय द्वारा किए गए प्रयासों की भी सराहना की। विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय प्रत्यायन बोर्ड के अध्यक्ष प्रो. केके अग्रवाल ने कहा कि एक से अधिक विषयों का ज्ञान आवश्यक है। इसमें अंतःविषयी और लाइफ लांग लर्निंग पाठ्यक्रम महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि शोध स्थानीय एवं राष्ट्रीय विकास में मदद देने वाला होना चाहिए। विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर ने अपने संबोधन में विश्वविद्यालय की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की तथा सभी आगंतुकों का स्वागत किया। उन्होंने उपाधि व स्वर्ण पदक पाने वाले विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने विश्वविद्यालय की उपलब्धियों का ब्यौरा प्रस्तुत करते हुए कुलपति ने बताया कि महामारी की विभिन्न चुनौतियों एवं बाधाओं के बावजूद विश्वविद्यालय ने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और अनुसंधान को बढ़ावा देने के अपने उद्देश्य को दृढ़ रखा। समारोह में कुलसचिव प्रो. सारिका शर्मा, परीक्षा नियंत्रक प्रो. राजीव कौशिक, वित्त अधिकारी डॉ. विकास कुमार, विभागों के विभागाध्यक्ष, शिक्षक, कर्मचारी, विद्यार्थी व शोधार्थी उपस्थित रहे।

आह्वान | हकेंवि के 8वें दीक्षांत समारोह में शामिल होने पहुंचे राज्यपाल दत्तात्रेय

रोजगार चाहने वाले नहीं देने वाले बनें : राज्यपाल

जगत क्रान्ति ⏭ ईश्वर तिवारी

महेन्द्रगढ़ : हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि), महेंद्रगढ़ के आठवें दीक्षांत समारोह का आयोजन रविवार को हुआ। इस अवसर पर हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने मुख्य अतिथि के तौर पर कार्यक्रम की शोभा बढ़ायी जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में राष्ट्रीय प्रत्यायन बोर्ड के अध्यक्ष प्रो. केके अग्रवाल दीक्षांत समारोह में शामिल हुए। दीक्षांत समारोह में हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ओमप्रकाश यादव व पूर्व शिक्षा मंत्री प्रो. रामबिलास शर्मा भी उपस्थित रहे।

राज्यपाल ने इस अवसर पर स्वतंत्रता सेनानी चंद्रशेखर आजाद के बलिदान दिवस के अवसर पर उन्हें श्रद्धासुमन भी अर्पित किए। विश्वविद्यालय में आयोजित इस दीक्षांत समारोह की शुरूआत कुलगीत के साथ हुई। इस अवसर पर विश्वविद्यालय का न्यूज लेटर व स्मारिका का विमोचन भी किया गया। राज्यपाल ने उपाधि प्राप्त करने वाले सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि समाज और देश को डिग्री प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों से बहुत अपेक्षाएं हैं। हमें समाज और राष्ट्र के लिए योगदान देने के लिए कड़ी मेहनत करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि सरकार कौशल विकास व स्टार्ट अपस के क्षेत्र में रोजगार हेतु बहुत खर्च कर रही है।

उन्होंने कहा कि हमें नौकरी चाहने की बजाय नौकरी देने वाले बनने की जरूरत है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा चलाए जा रहे डिजिटल इंडिया अभियान का उल्लेख करते हुए कहा कि इस अभियान के माध्यम से रोजगार, स्वरोजगार व आत्मनिर्भरता के नए मार्ग खुलने के साथ-साथ यह अभियान देश को डिजिटल रूप से सशक्त समाज व ज्ञान आधारित व्यवस्था में बदलाव लाने में सहायक साबित हो रहा है।

उन्होंने कहा कि आज आर्टिफिसियल इंटेलिजेंस, स्मार्ट बोर्ड, ब्लॉकचेन, कंप्यूटिंग उपकरण आदि जैसे प्रौद्योगिकी क्षेत्र में रोजगार की अपार संभावनाएं हैं। हकेवि के आठवें दीक्षांत समारोह में कुल 1078 विद्यार्थियों व शोधार्थियों को पीएचडी, एमफिल, स्नातक व स्नातकोत्तर की उपाधियाँ व स्वर्ण पदक प्रदान किए गए। 1078 विद्यार्थियों व शोधार्थियों में 604 छात्र और 474 छात्राएं शामिल हैं।

रोजगार चाहने वाले नहीं देने वाले बनें : राज्यपाल

➪ 24 विद्यार्थियों व शोधार्थियों को स्वर्ण पदक, 19 को पीएचडी, 14 को एमफिल और 1045 विद्यार्थियों को मिली स्नातक व स्नातकोत्तर की उपाधि

जगमार्ग न्यूज़

महेंद्रगढ़। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय महेंद्रगढ़ के आठवें दीक्षांत समारोह का आयोजन रविवार 27 फरवरी को हुआ।

इस अवसर पर हरियाणा के राज्यपाल माननीय बंडारू दत्तात्रेय ने मुख्य अतिथि के तौर पर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में राष्ट्रीय प्रत्यायन बोर्ड के अध्यक्ष प्रो. के के अग्रवाल दीक्षांत समारोह में शामिल हुए। दीक्षांत समारोह में हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ओमप्रकाश यादव व पूर्व शिक्षा मंत्री प्रो. रामबिलास शर्मा भी उपस्थित रहे। राज्यपाल महोदय ने इस अवसर पर स्वतंत्रता सेनानी चंद्रशेखर आजाद के बलिदान दिवस के अवसर पर उन्हें श्रद्धासुमन भी अर्पित किए।

विश्वविद्यालय में आयोजित इस दीक्षांत समारोह की शुरूआत कुलगीत के साथ हुई। इस अवसर पर विश्वविद्यालय का न्यूज लेटर व स्मारिका का विमोचन भी किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि राज्यपाल माननीय बंडारू दत्तात्रेय ने उपाधि प्राप्त करने वाले सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि समाज और देश को डिग्री प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों से बहुत अपेक्षाएं हैं। हमें समाज और राष्ट्र के लिए योगदान देने के लिए कड़ी मेहनत करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि सरकार कौशल विकास व स्टार्ट अपस के क्षेत्र में रोजगार हेतु बहुत खर्च कर रही है। हमें नौकरी चाहने वाले की बजाय नौकरी देने वाले बनने की जरूरत है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा चलाए जा रहे डिजिटल इंडिया अभियान का उल्लेख करते हुए कहा कि इस अभियान के माध्यम से रोजगार, स्वरोजगार व आत्मनिर्भरता के नए मार्ग खुलने के साथ-साथ यह अभियान देश को डिजिटल रूप से सशक्त समाज व ज्ञान आधारित व्यवस्था में बदलाव लाने में सहायक साबित हो रहा है। उन्होंने कहा कि आज आर्टिफिसियल इंटेलिजेंस, स्मार्ट बोर्ड, ब्लॉकचेन, कंप्यूटिंग उपकरण आदि जैसे प्रौद्योगिकी क्षेत्र में रोजगार की अपार संभावनाएं हैं। मुख्य अतिथि ने कोरोना महामारी के दौरान विश्वविद्यालय द्वारा किए गए कार्यों के लिए कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार व उनकी टीम को बधाई दी। उन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू करने के लिए विश्वविद्यालय द्वारा किए गए प्रयासों की भी सराहना की।

8th Convocation

Newspaper: Amar Ujala **Date: 28-02-2022**

'रोजगार चाहने वाला नहीं, देने वाला बनें'

हकेंवि दीक्षांत समारोह : राज्यपाल बंडारु दत्तात्रेय बोले, राष्ट्र निर्माण में योगदान के लिए कड़ी मेहनत करें विद्यार्थी

संवाद न्यूज एजेंसी

महेंद्रगढ़। देश और समाज को उपाधि प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों से बहुत अपेक्षाएं हैं। राष्ट्र के निर्माण में योगदान देने के लिए कड़ी मेहनत करने की आवश्यकता है। सरकार कौशल विकास और स्टार्टअप के क्षेत्र में रोजगार के लिए बहुत खर्च कर रही है। हमें नौकरी चाहने वाला बनने के बजाय नौकरी देने वाला बनना चाहिए।

यह विचार रविवार को हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के आठवें दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि प्रदेश के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने व्यक्त किए। इस मौके पर राज्यपाल ने चंद्रशेखर आजाद के बलिदान दिवस पर श्रद्धासुमन अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय का न्यूज लेटर और स्मारिका का विमोचन भी किया गया। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय प्रत्यायन बोर्ड के अध्यक्ष प्रो. केके अग्रवाल के अलावा सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ओमप्रकाश यादव, पूर्व शिक्षा मंत्री प्रो. रामबिलास शर्मा भी उपस्थित रहे।

राज्यपाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा चलाए जा रहे डिजिटल इंडिया अभियान का उल्लेख करते हुए कहा कि इस अभियान के माध्यम से रोजगार, स्वरोजगार व आत्मनिर्भरता के नए मार्ग खुलने के साथ-साथ यह अभियान देश को डिजिटल रूप से सशक्त व ज्ञान आधारित व्यवस्था में बदलाव लाने में सहायक साबित हो रहा है।

उन्होंने कहा कि आज आर्टिफिसियल इंटेलिजेंस, स्मार्ट बोर्ड, ब्लॉक चेन, कंप्यूटरिंग उपकरण आदि जैसे प्रौद्योगिकी क्षेत्र में रोजगार की अपार संभावनाएं हैं। राज्यपाल ने कोरोना महामारी के दौरान विश्वविद्यालय द्वारा किए गए कार्यों के लिए कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार व उनकी टीम को बधाई दी। उन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू करने के लिए विश्वविद्यालय द्वारा किए गए प्रयासों की भी सराहना की। विशिष्ट अतिथि प्रो. केके अग्रवाल ने कहा कि एक से अधिक विषयों का ज्ञान आवश्यक है। इसमें अंतः विषयी और लाइफ लॉन्ग लर्निंग पाठ्यक्रम महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि शोध स्थानीय एवं राष्ट्रीय विकास में मदद देने वाला होना चाहिए।

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के आठवें दीक्षांत सामरोह की स्मारिका का विमोचन करते राज्यपाल बंडारु दत्तात्रेय, कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार व अन्य। संवाद

छात्रा को स्वर्ण पदक देते राज्यपाल बंडारु दत्तात्रेय, कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार। संवाद

24 स्वर्ण पदक सहित 1078 विद्यार्थियों को मिलीं उपाधियां

समारोह में कुल 1078 विद्यार्थियों और शोधार्थियों को पीएचडी, एमफिल, स्नातक व स्नातकोत्तर की उपाधियां व स्वर्ण पदक प्रदान किए गए। स्नातक पाठ्यक्रमों के तहत बीटेक के 148 तथा बीवॉक में 72 विद्यार्थियों को तथा स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में 825 विद्यार्थियों को डिग्रियां प्रदान की गईं। 19 शोधार्थियों को पीएचडी एवं 14 को एमफिल की उपाधि प्रदान की गई। 1078 विद्यार्थियों व शोधार्थियों में 604 छात्र और 474 छात्राएं शामिल हैं। 975 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए हैं।

विवि ने अनुसंधान को बढ़ावा देने के उद्देश को दृढ़ रखा

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने विश्वविद्यालय की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए बताया कि महामारी की विभिन्न चुनौतियों एवं बाधाओं के बावजूद विश्वविद्यालय ने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और अनुसंधान को बढ़ावा देने के अपने उद्देश्य को दृढ़ रखा। दीक्षांत समारोह में विश्वविद्यालय की कुल सचिव प्रो. सारिका शर्मा, परीक्षा नियंत्रक प्रो. राजीव कौशिक, वित्त अधिकारी डॉ. विकास कुमार, विभागों के विभागाध्यक्ष, शिक्षक, कर्मचारी, विद्यार्थी उपस्थित रहे।

स्वर्ण पदक पाकर खिले होनहारों के चेहरे, अलग-अलग रही सफलता की कहानी

संवाद न्यूज एजेंसी

महेंद्रगढ़। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय महेंद्रगढ़ में रविवार को आयोजित आठवें दीक्षांत समारोह में स्वर्ण पदक प्राप्त कर विद्यार्थियों की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। मेहनत का फल कैसा होता है यह उनके चमकते चेहरों को देखकर सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता था। किसी ने सफलता का श्रेय गुरुजनों को दिया तो किसी ने परिवार के योगदान को महत्वपूर्ण बताया। हर किसी की सफलता की कहानी अलग-अलग थी।

सफलता का श्रेय गुरुजन और परिवार को दिया

शिक्षकों को दिया सफलता का श्रेय



दरभंगा की साक्षी अग्रवाल ने मास्टर ऑफ बायो टेक्नोलॉजी में स्वर्ण पदक हासिल किया। उन्होंने अपने विचार सांझा करते हुए अपनी इस सफलता का श्रेय शिक्षकों को दिया और कहा कि उनके बताए मार्ग पर चलकर ही उन्हें यह उपलब्धि प्राप्त हुई। साक्षी ने कहा कि वे शिक्षकों की सदैव ऋणी रहेंगी।

संघर्ष से हुई शुरूआत तो सफलता ने दिया फल



झारखंड की विजया भारती ने प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग टेक्नोलॉजी में अपने उल्लेखनीय प्रदर्शन के लिए स्वर्ण पदक हासिल किया। उन्होंने कहा कि शुरुआत भले ही संघर्ष के साथ हुई लेकिन सफलता बेहद फलदायी रही। उन्होंने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और शिक्षकों को दिया।

साथियों के सहयोग से भेदा लक्ष्य



बिहार के पटना के रोहित राज ने बायो मेडिकल साइंस में स्वर्ण पदक हासिल करने के बाद कहा कि वे विश्वविद्यालय में मिली शिक्षा और साथियों के सहयोग से इस लक्ष्य को भेद पाए। उन्होंने यहां मिले ज्ञान के लिए शिक्षकों को हृदय से आभार जताया।

विवि में मिला बेहतर शैक्षणिक माहौल तो पाई सफलता





भौतिकी की छात्रा खुशबू और आयुषी ने स्वर्ण पदक दिखाते हुए कहा कि उनकी सफलता का सबसे अहम कारण विश्वविद्यालय में मिला शैक्षणिक माहौल रहा। राजस्थान की रहने वाली इन दोनों बेटियों ने अपनी जैसी अन्य छात्राओं को जीवन में परिश्रम के लिए सतत प्रयास करने की सीख दी।

Central University of Haryana

NAAC Accredited 'A' Grade University

Public Relations Office

Newspaper: Dainik Bhaskar **Date: 28-02-2022**

हकेंवि महेंद्रगढ़ के 8वें दीक्षांत समारोह का आयोजन, राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय रहे मुख्यातिथि

24 को स्वर्ण पदक, 19 को पीएचडी, 14 को एमफिल व 1045 विद्यार्थियों को दी गई स्नातक और स्नातकोत्तर की उपाधि

भास्कर न्यूज़ | महेंद्रगढ़

हकेंवि महेंद्रगढ़ के आठवें दीक्षांत समारोह का रविवार आयोजन हुआ। दीक्षांत समारोह में राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने मुख्यातिथि के तौर पर शिरकत की। राष्ट्रीय प्रत्यायन बोर्ड के अध्यक्ष प्रो. केके अग्रवाल विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ओमप्रकाश यादव व पूर्व शिक्षा मंत्री प्रो. रामबिलास शर्मा भी उपस्थित रहे।

राज्यपाल ने इस अवसर पर स्वतंत्रता सेनानी चंद्रशेखर आजाद के बलिदान दिवस के अवसर पर उन्हें श्रद्धासुमन भी अर्पित किए। विश्वविद्यालय में आयोजित इस दीक्षांत समारोह की शुरूआत कुलगीत के साथ हुई। इस अवसर पर विश्वविद्यालय का न्यूज लेटर व स्मारिका का विमोचन भी किया गया। राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने उपाधि प्राप्त करने वाले सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सरकार कौशल विकास व स्टार्ट-अप के क्षेत्र में रोजगार के लिए सराहनीय कार्य कर रही है। हमें नौकरी चाहने वाले की बजाय नौकरी देने वाले बनने की जरूरत है।

उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा चलाए जा रहे डिजिटल इंडिया अभियान का उल्लेख करते हुए कहा कि इस अभियान के माध्यम से रोजगार, स्वरोजगार व आत्मनिर्भरता के नए मार्ग खुलने के साथ-साथ यह अभियान देश को डिजिटल रूप से सशक्त समाज व ज्ञान आधारित व्यवस्था में बदलाव लाने में सहायक साबित हो रहा है। उन्होंने कहा कि आज आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, स्मार्ट बोर्ड, ब्लॉकचेन, कंप्यूटिंग उपकरण आदि जैसे प्रौद्योगिकी क्षेत्र में रोजगार की अपार संभावनाएं हैं। मुख्य अतिथि ने कोरोना महामारी के दौरान विश्वविद्यालय द्वारा किए गए कार्यों के लिए कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार व उनकी टीम को बधाई दी। उन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू करने के लिए विश्वविद्यालय द्वारा किए गए प्रयासों की भी सराहना की।

दीक्षांत समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित प्रो. केके अग्रवाल ने कहा कि एक से अधिक विषयों का ज्ञान आवश्यक है। इसमें अंतः विषयी और लाइफ लांग लर्निंग पाठ्यक्रम महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि शोध स्थानीय एवं राष्ट्रीय विकास में मदद देने वाला होना चाहिए। विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने विश्वविद्यालय की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। दीक्षांत समारोह में विश्वविद्यालय की कार्यकारी परिषद, शैक्षणिक परिषद व विश्वविद्यालय की कोर्ट के सदस्य, विभिन्न शिक्षण संस्थानों, विश्वविद्यालय की विभिन्न पीठों के अधिष्ठाता, कुलसचिव प्रो. सारिका शर्मा, परीक्षा नियंत्रक प्रो. राजीव कौशिक, वित्त अधिकारी डॉ. विकास कुमार, विभागों के विभागाध्यक्ष, शिक्षक, कर्मचारी, विद्यार्थी व शोधार्थी उपस्थित रहे।

महेंद्रगढ़ में हकेंवि के आठवें दीक्षांत सामरोह की स्मारिका का विमोचन करते राज्यपाल।

स्वर्ण पदक विजेताओं की सूची

विद्यार्थी का नाम	विभाग का नाम
1 देवाशीष पॉल, विद्या निष्णात	(शिक्षा)
2 निशांत गौड़, प्रौद्योगिकी स्नातक	(निर्माणअभियांत्रिकी)
3 रूपेश कुमार गर्ग, प्रौद्योगिकी स्नातक	(कम्प्यूटर विज्ञान अभियांत्रिकी)
4 मोहम्मद शाहबाज खान, प्रौद्योगिकी स्नातक	(विद्युत अभियांत्रिकी)
5 विजया भारती, प्रौद्योगिकी स्नातक	(मुद्रण एवं पैकेजिंग प्रौद्योगिकी)
6 रोहित राज, व्यवसाय स्नातक	(जैव-चिकित्सकीय विज्ञान)
7 कुमारी अपर्णा, व्यवसाय स्नातक	(औद्योगिक अपशिष्ट प्रबंधन)
8 ऐश्वर्या जोशी, व्यवसाय स्नातक	(खुदरा एवं रसद प्रबंधन)
9 मोनिका, शिक्षा स्नातक	(बीएड)
10 सूरज गौतम, कला निष्णात	(अर्थशास्त्र)
11 मानशी तंवर, कला निष्णात	(मनोविज्ञान)
12 सुश्री स्निग्धा, दंडपाट	(पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान निष्णात)
13 तनुजा मोहंती, विज्ञान निष्णात	(जैव-रसायनविज्ञान)
14 साक्षी अग्रवाल, विज्ञान निष्णात	(जैव-प्रौद्योगिकी)
15 स्नेहलता, विज्ञान निष्णात	(रसायन विज्ञान)
16 शिवांगी गुसाई, विज्ञान निष्णात	(पर्यावरण विज्ञान)
17 सैयद इर्तिजा मजीद, विज्ञान निष्णात	(भूगोल)
18 शर्मिला, विज्ञान निष्णात	(गणित)
19 मधु यादव, विज्ञान निष्णात	(सूक्ष्मजीव विज्ञान)
20 दीपिका, विज्ञान निष्णात	(पोषण जीवविज्ञान)
21 आयुषी मिगलानी, विज्ञान निष्णात	(भौतिकी)
22 खुशबू शर्मा, विज्ञान निष्णात	(भौतिकी)
23 सलोनी गोयल, विज्ञान निष्णात	(सांख्यिकी)
24 तेजेंद्र, विज्ञान निष्णात	(योग)

24 स्वर्ण पदक सहित 1078 विद्यार्थियों को उपाधियां

हकेवि के आठवें दीक्षांत समारोह में कुल 1078 विद्यार्थियों व शोधार्थियों को पीएचडी, एमफिल, स्नातक व स्नातकोत्तर की उपाधियां व स्वर्ण पदक प्रदान किए गए। इनमें स्नातक पाठ्यक्रमों के अंतर्गत बीटेक में 148 तथा बीकॉम में 72 विद्यार्थियों को तथा स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में 825 विद्यार्थियों को डिग्री प्रदान की गई। 19 शोधार्थियों को पीएचडी एवं 14 को एमफिल की उपाधि प्रदान की गई। 1078 विद्यार्थियों व शोधार्थियों में 604 छात्र और 474 छात्राएं शामिल हैं। 975 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए हैं।

Central University of Haryana

NAAC Accredited 'A' Grade University

Public Relations Office

Newspaper: Dainik Bhaskar **Date: 28-02-2022**

हकेंवि के दीक्षांत समारोह में स्वर्ण पदक पाकर खिले होनहारों के चेहरे

स्वर्ण पदक विजेता विद्यार्थियों ने सफलता का श्रेय मेहनत, शिक्षकों और गुरुजनों को दिया

भास्कर न्यूज़ | महेंद्रगढ़

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ में रविवार को आयोजित आठवें दीक्षांत समारोह में स्वर्ण पदक पाने वाले विद्यार्थियों की खुशी देखते ही बन रही थी। मेहनत का फल कैसा होता है यह उनके चमकते चेहरों को देखकर सहज ही पता चल रहा था। किसी ने सफलता का श्रेय गुरुजनों को दिया तो किसी ने परिवार के योगदान को महत्त्वपूर्ण बताया। हर किसी की सफलता की कहानी अलग-अलग थी।

साक्षी को बायोटक्नोलॉजी में मिला स्वर्ण

दरभंगा की साक्षी अग्रवाल ने मास्टर ऑफ बायोटेक नोलॉजी में स्वर्ण पदक हासिल किया। उन्होंने अपने विचार साझा करते हुए अपनी इस सफलता का श्रेय शिक्षकों को दिया और कहा कि उनके बताए मार्ग पर चलकर ही उन्हें यह उपलब्धि प्राप्त हुई। साक्षी ने कहा कि वे शिक्षकों की सदैव ऋणी रहेंगी।

भौतिकी में खुशबू और आयुषी को स्वर्ण

भौतिकी की छात्राएं खुशबू और आयुषी ने स्वर्ण पदक दिखाते हुए कहा कि उनकी सफलता का सबसे अहम कारण विश्वविद्यालय में मिला शैक्षणिक माहौल रहा। राजस्थान की रहने वाली इन दोनों बेटियों ने अपनी जैसी अन्य छात्राओं को जीवन में परिश्रम के लिए सतत प्रयास करने की सीख दी।

रोहित राज को बायोमेडिकल में मिला स्वर्ण

बिहार के पटना के रोहित राज ने बायोमेडिकल साइंसेज में स्वर्ण पदक हासिल करने के बाद कहा कि वे विश्वविद्यालय में मिली शिक्षा और साथियों के सहयोग से इस लक्ष्य को भेद पाए। उन्होंने यहां मिले ज्ञान के लिए शिक्षकों को हृदय से आभार जताया।

विजया भारती को प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग टेक्नोलॉजी में मिला स्वर्ण

झारखंड की विजया भारती ने प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग टेक्नोलॉजी में अपने उल्लेखनीय प्रदर्शन के लिए स्वर्ण पदक हासिल किया। उन्होंने कहा कि शुरुआत भले ही संघर्ष के साथ हुई लेकिन सफलता बेहद फलदायी रही। उन्होंने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और शिक्षकों को दिया।

'संतुलन-दूत' का हुआ मंचन

कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति ने की

भास्कर न्यूज़ | महेंद्रगढ़

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर ने की।

मुख्यातिथि के रूप में पद्मश्री प्रो. एचसी वर्मा उपस्थित रहे। विश्वविद्यालय परिवार के सभी सदस्यों और सम्मानित अतिथियों की मौजूदगी में हिंदी विभाग के सहायक प्रोफेसर डॉ. पंकज कुमार 'सत्यार्थी' द्वारा लिखित एवं निर्देशित काव्य-नाटक 'संतुलन–दूत' का मंचन किया गया। स्त्री-प्रधान नाटक 'संतुलन-दूत' के मुख्य पात्र का अभिनय ईशा सिंह, रजनी ठाकुर, अनमोल रतन तथा अनुज यादव ने किया। प्रस्तुत मंचन में सचिन, नैना, नारायण तथा विश्वविद्यालय के अन्य छात्र–छात्राओं ने अपनी भागीदारी दर्ज की।

सभी कलाकारों ने अपने जीवंत अभिनय से वहां उपस्थित दर्शकों को नाटक के माध्यम से स्त्री विषय पर सोचने को विवश किया। विश्व-निर्माण में महिलाओं की भागीदारी की स्वीकृति के समर्थन में लिखा गया यह नाटक दर्शकों के भीतर महिला समाज के प्रति जागरूकता पैदा करता है। शोषण के लगभग सभी आयाम पर प्रहार करता यह नाटक अपने मूल में स्त्री-समस्याओं को रेखांकित करते हुए समाज के भीतर चेतना प्रदान करता है जिससे स्त्री-समस्याओं के प्रति गहराई से विचार किया जा सके।

Central University of Haryana

NAAC Accredited 'A' Grade University

Public Relations Office

Newspaper: Dainik Jagran **Date: 28-02-2022**

रोजगार चाहने वाले नहीं देने वाले बनें : राज्यपाल

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के आठवें दीक्षांत समारोह में शामिल हुए राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय

संवाद सहयोगी, महेंद्रगढ़: हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय महेंद्रगढ़ के आठवें दीक्षांत समारोह का आयोजन रविवार को हुआ। इस अवसर पर हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने मुख्य अतिथि के तौर पर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में राष्ट्रीय प्रत्यायन बोर्ड के अध्यक्ष प्रो. केके अग्रवाल दीक्षांत समारोह में शामिल हुए। दीक्षांत समारोह में हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ओमप्रकाश यादव व पूर्व शिक्षा मंत्री प्रो. रामबिलास शर्मा भी उपस्थित रहे। राज्यपाल ने इस अवसर पर स्वतंत्रता सेनानी चंद्रशेखर आजाद के बलिदान दिवस के अवसर पर उन्हें श्रद्धा सुमन भी अर्पित किए। विश्वविद्यालय में आयोजित इस दीक्षांत समारोह की शुरूआत कुलगीत के साथ हुई। इस अवसर पर विश्वविद्यालय का न्यूज लेटर व स्मारिका का

विमोचन भी किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने उपाधि प्राप्त करने वाले सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि समाज और देश को डिग्री प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों से बहुत अपेक्षाएं हैं। उन्होंने कहा कि सरकार कौशल विकास व स्टार्ट अप के क्षेत्र में रोजगार के लिए बहुत खर्च कर रही है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा चलाए जा रहे डिजिटल इंडिया अभियान का उल्लेख करते हुए कहा कि इस अभियान के माध्यम से रोजगार, स्वरोजगार व आत्मनिर्भरता के नए मार्ग खुलने के साथ-साथ यह अभियान देश को डिजिटल रूप से सशक्त समाज व ज्ञान आधारित व्यवस्था में बदलाव लाने में सहायक साबित हो रहा है। उन्होंने कहा कि आज आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, स्मार्ट बोर्ड, ब्लाकचेन, कंप्यूटिंग उपकरण आदि जैसे प्रौद्योगिकी क्षेत्र में रोजगार की अपार संभावनाएं हैं। मुख्य अतिथि ने कोरोना महामारी के दौरान विश्वविद्यालय द्वारा किए गए कार्यों के लिए कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार व उनकी टीम को

बधाई दी। उन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू करने के लिए विश्वविद्यालय द्वारा किए गए प्रयासों की भी सराहना की। दीक्षांत समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित प्रो. केके अग्रवाल ने कहा कि एक से अधिक विषयों का ज्ञान आवश्यक है। उन्होंने कहा कि शोध स्थानीय एवं राष्ट्रीय विकास में मदद देने वाला होना चाहिए। विवि कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने अपने संबोधन में विवि की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की और मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि का उनकी उपस्थिति के लिए हृदय से आभार प्रकट किया। इस अवसर पर कुलपति ने उपाधि व स्वर्ण पदक पाने वाले विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर विवि की उपलब्धियों का ब्यौरा प्रस्तुत करते हुए कुलपति ने बताया कि महामारी की विभिन्न चुनौतियों एवं बाधाओं के बावजूद विश्वविद्यालय ने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और अनुसंधान को बढ़ावा देने के अपने उद्देश्य को दृढ़ रखा। विश्वविद्यालय की शोध उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि उन्हें विश्वास है कि विवि आने वाले वर्षों में अपने अनुसंधान एवं नवाचार कार्यों में अग्रणी स्थिति में होगा। दीक्षांत समारोह में विवि की कार्यकारी परिषद, शैक्षणिक परिषद व विवि की कोर्ट के सदस्य, विभिन्न शिक्षण संस्थानों, विवि की विभिन्न पीठों के अधिष्ठाता, कुलसचिव प्रो. सारिका शर्मा, परीक्षा नियंत्रक प्रो. राजीव कौशिक, वित्त अधिकारी डा. विकास कुमार, विभागों के विभागाध्यक्ष, शिक्षक, कर्मचारी, विद्यार्थी व शोधार्थी उपस्थित रहे।

हकेवि के आठवें दीक्षांत समारोह की स्मारिका का विमोचन करते हुए राज्यपाल ● सा संस्था

हकेवि के आठवें दीक्षांत समारोह में स्वर्ण पदक देते हुए राज्यपाल ● साभार संस्था

24 स्वर्ण सहित 1078 विद्यार्थियों को उपाधियां

हकेवि के आठवें दीक्षांत समारोह में कुल 1078 विद्यार्थियों व शोधार्थियों को पीएचडी, एमफिल, स्नातक व स्नातकोत्तर की उपाधियां व स्वर्ण पदक प्रदान किए गए। इनमें स्नातक पाठ्यक्रमों के अंतर्गत बीटेक में 148 तथा बीवाक में 72 विद्यार्थियों को तथा स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में 825 विद्यार्थियों को डिग्री प्रदान की गई। 19 शोधार्थियों को पीएचडी एवं 14 को एमफिल की उपाधि प्रदान की गई।

Central University of Haryana

NAAC Accredited 'A' Grade University

Public Relations Office

Newspaper: The Tribune **Date: 28-02-2022**

हकेंवि का आठवां दीक्षांत समारोह

'नौकरी चाहने वाले नहीं देने वाले बनें छात्र'

महेंद्रगढ़ में रविवार को दीक्षांत समारोह एक छात्रा को स्वर्ण पदक प्रदान करते राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय। -निस

महेन्द्रगढ़, 27 फरवरी (निस)

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि) का आठवां दीक्षांत समारोह रविवार को हुआ। मुख्य अतिथि राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय थे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में राष्ट्रीय प्रत्यायन बोर्ड के अध्यक्ष प्रो. केके अग्रवाल शामिल हुए। इस अवसर पर सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ओमप्रकाश यादव व पूर्व शिक्षा मंत्री प्रो. रामबिलास शर्मा भी उपस्थित रहे।

दीक्षांत समारोह में 1078 विद्यार्थियों व शोधार्थियों को पीएचडी, एमफिल, स्नातक व स्नातकोत्तर की उपाधियां व स्वर्ण पदक प्रदान किए गए। राज्यपाल ने विद्यार्थियों को संबोधित किया और कहा कि समाज और देश को डिग्री प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों से बहुत अपेक्षाएं हैं। उन्होंने कहा कि हमें नौकरी चाहने की बजाय नौकरी देने वाले बनने की जरूरत है। आज आर्टिफिसियल इंटेलिजेंस, स्मार्ट बोर्ड, ब्लॉकचेन, कंप्यूटिंग उपकरण आदि जैसे प्रौद्योगिकी क्षेत्र में रोजगार की अपार संभावनाएं हैं।

प्रो. केके अग्रवाल ने कहा कि एक से अधिक विषयों का ज्ञान आवश्यक है। शोध स्थानीय एवं राष्ट्रीय विकास में मदद देने वाला होना चाहिए। इस अवसर पर कुलपति प्रो. टंकेश्वर मौजूद थे।

दैनिक ट्रिब्यून Mon, 28 February 2022 https://epaper.dainiktribu

Central University of Haryana

NAAC Accredited 'A' Grade University

Public Relations Office

Newspaper: Haribhoomi **Date: 28-02-2022**

केंद्रीय विवि के दीक्षांत समारोह

स्वर्ण पदक विजेताओं को किया सम्मानित

- राज्यपाल दत्तात्रेय एवं कुलपति टंकेश्वर ने सम्मान बढ़ाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

केंद्रीय विश्वविद्यालय जांट-पाली के आठवें दीक्षांत समारोह में राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने स्वर्ण पदक विजेताओं को भी सम्मानित किया, जिनमें देवाशीष पॉल विद्या निष्णात (शिक्षा), निशांत गौड़ प्रौद्योगिकी स्नातक (निर्माण अभियांत्रिकी), रूपेश गर्ग प्रौद्योगिकी स्नातक (कंप्यूटर विज्ञान अभियांत्रिकी), मोहम्मद शाहबाज खान प्रौद्योगिकी स्नातक (विद्युत अभियांत्रिकी), विजया भारत प्रौद्योगिकी स्नातक (मुद्रण एवं पैकेजिंग प्रौद्योगिकी), रोहित राज व्यवसाय स्नातक (जैव-चिकित्सकीय विज्ञान), अपर्णा व्यवसाय स्नातक (औद्योगिक अपशिष्ट प्रबंधन), ऐश्वर्या जोशी व्यवसाय स्नातक (खुदरा एवं रसद प्रबंधन), मोनिका शिक्षा स्नातक (बीएड), सूरज गौतम कला निष्णात (अर्थशास्त्र), मानशी तंवर कला निष्णात (मनोविज्ञान), सुश्री स्निग्धा दंडपाट पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान निष्णात, तनुजा मोहंती विज्ञान निष्णात (जैव-रसायन विज्ञान), साक्षी अग्रवाल विज्ञान निष्णात (जैव-प्रौद्योगिकी), स्नेहलता विज्ञान निष्णात (रसायन विज्ञान), शिवांगी गुसाईं विज्ञान निष्णात (पर्यावरण विज्ञान), सैयद इर्तिजा मजीद विज्ञान निष्णात (भूगोल), शर्मिला विज्ञान निष्णात (गणित), मधु यादव विज्ञान निष्णात (सूक्ष्म जीव विज्ञान), दीपिका विज्ञान निष्णात (पोषण जीवविज्ञान), आयुषी मिगलानी विज्ञान निष्णात (भौतिकी), खुशबू शर्मा विज्ञान निष्णात (भौतिकी), सलोनी गोयल विज्ञान निष्णात (सांख्यिकी) एवं तेजेंद्र विज्ञान निष्णात (योग) शामिल हैं।

इन सभी को राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय एवं कुलपति टंकेश्वर समेत अन्य अतिथियों ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

महेंद्रगढ़। दीक्षांत समारोह में स्वर्ण पदक से सम्मानित करते राज्यपाल। फोटो: हरिभूमि

Central University of Haryana

NAAC Accredited 'A' Grade University

Public Relations Office

Newspaper: Punjab Kesari **Date: 28-02-2022**

हकेंवि का 8वां दीक्षांत समारोह

रोजगार चाहने वाले नहीं देने वाले बनें: राज्यपाल

महेंद्रगढ़, 27 फरवरी (परमजीत, मोहन): हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय महेंद्रगढ़ के 8वें दीक्षांत समारोह का आयोजन रविवार को हुआ। इस अवसर पर हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने मुख्य अतिथि के तौर पर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में राष्ट्रीय प्रत्यायन बोर्ड के अध्यक्ष प्रो. के.के. अग्रवाल दीक्षांत समारोह में शामिल हुए। दीक्षांत समारोह में हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ओमप्रकाश यादव व पूर्व शिक्षा मंत्री प्रो. रामबिलास शर्मा भी उपस्थित रहे। राज्यपाल ने इस अवसर पर स्वतंत्रता सेनानी चंद्रशेखर आजाद के बलिदान दिवस के अवसर पर उन्हें श्रद्धासुमन भी अर्पित किए। इस अवसर पर विश्वविद्यालय का न्यूज लैटर व स्मारिका का विमोचन भी किया गया। मुख्यातिथि ने उपाधि प्राप्त करने वाले सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि समाज और देश को डिग्री प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों से बहुत अपेक्षाएं हैं। हमें समाज और राष्ट्र के लिए योगदान देने के लिए कड़ी मेहनत करने की आवश्यकता है। सरकार कौशल विकास व स्टार्ट अप के क्षेत्र में रोजगार हेतु बहुत खर्च कर रही है। हमें नौकरी चाहने वाले की बजाय नौकरी देने वाले बनने की जरूरत है।

हकेंवि के 8वें दीक्षांत समारोह में स्वर्ण पदक प्रदान करते राज्यपाल, (दाएं) सामरोह की स्मारिका का विमोचन करते राज्यपाल व अन्य।

विश्वविद्यालय आने वाले वर्षों में अनुसंधान एवं नवाचार कार्यों में अग्रणी स्थिति में होगा: प्रो. टंकेश्वर कुमार

विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने अपने संबोधन में विश्वविद्यालय की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की और मुख्यातिथि व विशिष्ट अतिथि का उनकी उपस्थिति के लिए हृदय से आभार प्रकट किया। कुलपति ने उपाधि व स्वर्ण पदक पाने वाले विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। साथ ही कुलपति ने उनके माता-पिता व शिक्षकों की भी सराहना की, जिन्होंने विद्यार्थियों की आकांक्षाओं को साकार करने में मदद की। विश्वविद्यालय की शोध उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि उन्हें विश्वास है कि विश्वविद्यालय आने वाले वर्षों में अपने अनुसंधान एवं नवाचार कार्यों में अग्रणी स्थिति में होगा। दीक्षांत समारोह में विश्वविद्यालय की कार्यकारी परिषद, शैक्षणिक परिषद व विश्वविद्यालय की कोर्ट के सदस्य, विभिन्न शिक्षण संस्थानों, विश्वविद्यालय की विभिन्न पीठों के अधिष्ठाता, कुलसचिव प्रो. सारिका शर्मा, परीक्षा नियंत्रक प्रो. राजीव कौशिक, वित्त अधिकारी डा. विकास कुमार, विभागों के विभागाध्यक्ष, शिक्षक, कर्मचारी, विद्यार्थी व शोधार्थी उपस्थित रहे।

24 स्वर्ण पदक सहित 1078 विद्यार्थियों को मिली उपाधियां

हकेंवि के 8वें दीक्षांत समारोह में कुल 1078 विद्यार्थियों व शोधार्थियों को पीएच.डी., एम.फिल, स्नातक व स्नातकोत्तर की उपाधियां व स्वर्ण पदक प्रदान किए गए। इनमें स्नातक पाठ्यक्रमों के अंतर्गत बी.टैक में 148 तथा बी.वॉक में 72 तथा स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में 825 विद्यार्थियों को डिग्री प्रदान की गई। 19 शोधार्थियों को पीएच.डी. एवं 14 को एम.फिल की उपाधि प्रदान की गई। 1078 विद्यार्थियों व शोधार्थियों में 604 छात्र और 474 छात्राएं शामिल हैं। 975 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए हैं।

उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा चलाए जा रहे डिजिटल इंडिया अभियान का उल्लेख करते हुए कहा कि इस अभियान के माध्यम से रोजगार, स्वरोजगार व आत्मनिर्भरता के नए मार्ग खुलने के साथ-साथ यह अभियान देश को डिजिटल रूप से सशक्त समाज व ज्ञान आधारित व्यवस्था में बदलाव लाने में सहायक साबित हो रहा है। उन्होंने कहा कि आज आर्टिफिशियल इंटैलिजैंस, स्मार्ट बोर्ड, ब्लॉकचेन, कंप्यूटिंग उपकरण आदि जैसे प्रौद्योगिकी क्षेत्र में रोजगार की अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने कोरोना महामारी के दौरान विश्वविद्यालय द्वारा किए गए कार्यों के लिए कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार व उनकी टीम को बधाई दी। उन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू करने के लिए विश्वविद्यालय द्वारा किए गए प्रयासों की भी सराहना की। दीक्षांत समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित प्रो. के.के. अग्रवाल ने कहा कि एक से अधिक विषयों का ज्ञान आवश्यक है। इसमें अंत:विषयी और लाइफ लांग लर्निंग पाठ्यक्रम महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। शोध स्थानीय एवं राष्ट्रीय विकास में मदद देने वाला होना चाहिए।

Central University of Haryana

NAAC Accredited 'A' Grade University

Public Relations Office

Newspaper: Rashtriya Khabar **Date: 28-02-2022**

रोजगार चाहने वाले नहीं देने वाले बनें : राज्यपाल

हकेवि के आठवें दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय

राष्ट्रीय खबर ब्यूरो

चंडीगढ़। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ के आठवें दीक्षांत समारोह का आयोजन रविवार को हुआ। इस अवसर पर हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने मुख्य अतिथि के तौर पर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में राष्ट्रीय प्रत्यायन बोर्ड के अध्यक्ष प्रो. के.के. अग्रवाल दीक्षांत समारोह में शामिल हुए।

दीक्षांत समारोह में हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ओमप्रकाश यादव व पूर्व शिक्षा मंत्री प्रो. रामबिलास शर्मा भी उपस्थित रहे। राज्यपाल ने इस अवसर पर स्वतंत्रता सेनानी चंद्रशेखर आजाद के बलिदान दिवस के अवसर पर उन्हें श्रद्धासुमन भी अर्पित किए। विश्वविद्यालय में आयोजित इस दीक्षांत समारोह की शुरूआत कुलगीत के साथ हुई। विश्वविद्यालय का न्यूज लेटर व

स्मारिका का विमोचन भी किया गया। मुख्य अतिथि राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने उपाधि प्राप्त करने वाले सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि समाज और देश को डिग्री प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों से बहुत अपेक्षाएं हैं। हमें समाज और राष्ट्र के लिए योगदान देने के लिए कड़ी मेहनत करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि सरकार कौशल विकास व स्टार्टअप्स के क्षेत्र में रोजगार हेतु बहुत खर्च कर रही है। हमें नौकरी चाहने वाले की बजाय नौकरी देने वाले बनने की जरूरत है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा चलाए जा रहे डिजिटल इंडिया अभियान का उल्लेख करते हुए कहा कि इस अभियान के माध्यम से रोजगार, स्वरोजगार व आत्मनिर्भरता के नए मार्ग खुलने के साथ-साथ यह अभियान देश को डिजिटल रूप से सशक्त समाज व ज्ञान आधारित व्यवस्था में बदलाव लाने में सहायक साबित हो रहा है। उन्होंने कहा कि आज आर्टिफिसियल इंटेलिजेंस, स्मार्ट बोर्ड, ब्लॉकचेन, कंप्यूटिंग उपकरण आदि जैसे प्रौद्योगिकी क्षेत्र

24 स्वर्ण पदक सहित 1078 विद्यार्थियों को मिली उपाधियां

हकेवि के आठवें दीक्षांत समारोह में कुल 1078 विद्यार्थियों व शोधार्थियों को पीएच.डी., एम.फिल., स्नातक व स्नातकोत्तर की उपाधियां व स्वर्ण पदक प्रदान किए गए। इनमें स्नातक पाठ्यक्रमों के अंतर्गत बी.टेक. में 148 तथा बी.वॉक. में 72 विद्यार्थियों को तथा स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में 825 विद्यार्थियों को डिग्री प्रदान की गई। 19 शोधार्थियों को पीएच.डी. एवं 14 को एम.फिल. की उपाधि प्रदान की गई। 1078 विद्यार्थियों व शोधार्थियों में 604 छात्र और 474 छात्राएं शामिल हैं। 975 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए हैं।

में रोजगार की अपार संभावनाएं हैं। मुख्य अतिथि ने कोरोना महामारी के दौरान विश्वविद्यालय द्वारा किए गए कार्यों के लिए कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार व उनकी टीम को बधाई दी। उन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू करने के लिए विश्वविद्यालय द्वारा किए गए प्रयासों की भी सराहना की। दीक्षांत समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित प्रो. के.के. अग्रवाल ने कहा कि एक से अधिक विषयों का ज्ञान आवश्यक है। इसमें अंतःविषयी और लाइफ लांग लर्निंग पाठ्यक्रम महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि शोध स्थानीय एवं राष्ट्रीय विकास में मदद देने वाला होना चाहिए। विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने अपने संबोधन में विश्वविद्यालय की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की और मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि का उनकी उपस्थिति के लिए हृदय से आभार प्रकट किया। इस अवसर पर कुलपति ने उपाधि व स्वर्ण पदक पाने वाले विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। साथ ही कुलपति ने उनके माता-पिता व शिक्षकों की भी सराहना की, जिन्होंने विद्यार्थियों की आकांक्षाओं को साकार करने में मदद की।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय की उपलब्धियों का ब्यौरा प्रस्तुत करते हुए कुलपति ने बताया कि महामारी की विभिन्न चुनौतियों एवं बाधाओं के बावजूद विश्वविद्यालय ने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और अनुसंधान को बढ़ावा देने के अपने उद्देश्य को दृढ़ रखा। विश्वविद्यालय की शोध उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि उन्हें विश्वास है कि विश्वविद्यालय आने वाले वर्षों में अपने अनुसंधान एवं नवाचार कार्यों में अग्रणी स्थिति में होगा। दीक्षांत समारोह में विश्वविद्यालय की कार्यकारी परिषद, शैक्षणिक परिषद व विश्वविद्यालय की कोर्ट के सदस्य, विभिन्न शिक्षण संस्थानों, विश्वविद्यालय की विभिन्न पीठों के अधिष्ठाता, कुलसचिव प्रो. सारिका शर्मा, परीक्षा नियंत्रक प्रो. राजीव कौशिक, वित्त अधिकारी डॉ. विकास कुमार, विभागों के विभागाध्यक्ष, शिक्षक, कर्मचारी, विद्यार्थी व शोधार्थी उपस्थित रहे।

Central University of Haryana

NAAC Accredited 'A' Grade University

Public Relations Office

Newspaper: Rashtriya Sahara   Date: 28-02-2022

रोजगार चाहने वाले नहीं देने वाले बनें : दत्तात्रेय

नारनौल/महेंद्रगढ़ (एसएनबी)। राज्यपाल बंडारु दत्तात्रेय ने कहा कि समाज और देश को डिग्री प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों से बहुत अपेक्षाएं हैं। हमें समाज और राष्ट्र में योगदान देने के लिए कड़ी मेहनत करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि सरकार कौशल विकास व स्टार्टअप के क्षेत्र में रोजगार हेतु बहुत खर्च कर रही है। हमें नौकरी चाहने वाले की बजाय नौकरी देने वाले बनने की जरूरत है। यह उद्गार रविवार को राज्यपाल ने हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि) महेंद्रगढ़ के आठवें दीक्षांत समारोह के आयोजन अवसर पर व्यक्त किए।

कार्यक्रम में बतौर विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय प्रत्यायन बोर्ड के अध्यक्ष प्रो. केके अग्रवाल शामिल हुए। दीक्षांत समारोह में हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ओमप्रकाश यादव व पूर्व शिक्षा मंत्री प्रो. रामबिलास शर्मा भी उपस्थित रहे। राज्यपाल ने इस अवसर पर स्वतंत्रता सेनानी चंद्रशेखर आजाद के बलिदान दिवस के अवसर पर उन्हें श्रद्धासुमन भी अर्पित किए। दीक्षांत समारोह की शुरुआत कुलगीत के साथ हुई। इस अवसर पर विवि का न्यूज लेटर व स्मारिका का विमोचन भी किया गया।

इस अवसर पर राज्यपाल ने पीएम मोदी द्वारा चलाए जा रहे डिजिटल इंडिया अभियान का उल्लेख करते हुए कहा कि इस अभियान के माध्यम से रोजगार, स्वरोजगार व आत्मनिर्भरता के नए मार्ग खुलने के साथ-साथ यह अभियान देश को डिजिटल रूप से सशक्त समाज व ज्ञान आधारित व्यवस्था में बदलाव लाने में सहायक साबित हो रहा है।

हकेवि के आठवें दीक्षांत समारोह में कई विद्यार्थियों व शोधार्थियों को स्वर्ण पदक समेत अन्य को मिली उपाधि

प्रो. केके अग्रवाल ने कहा कि एक से अधिक विषयों का ज्ञान आवश्यक है। इसमें अंतःविषयी और लाइफ लांग लर्निंग पाठ्यक्रम महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि शोध स्थानीय एवं राष्ट्रीय विकास में मदद देने वाला होना चाहिए। कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने अपने संबोधन में विवि की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की और मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि का उनकी उपस्थिति के लिए हृदय से आभार प्रकट किया। इस अवसर पर कुलपति ने उपाधि व स्वर्ण पदक पाने वाले विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस मौके पर 24 स्वर्ण पदक सहित 1078 विद्यार्थियों को मिली उपाधियां।

Central University of Haryana

NAAC Accredited 'A' Grade University

Public Relations Office

Newspaper: Haribhoomi **Date: 28-02-2022**

शहीद चंद्रशेखर आजाद के बलिदान दिवस पर श्रद्धासुमन अर्पित

रोजगार चाहने वाले नहीं देने वाले बनें : राज्यपाल

- हकेंवि के आठवें दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय
- 24 विद्यार्थियों व शोधार्थियों को स्वर्ण पदक, 19 को पीएचडी, 14 को एमफिल और 1045 विद्यार्थियों को मिली स्नातक व स्नातकोत्तर की उपाधि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के आठवें दीक्षांत समारोह में राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करते हुए उपाधि प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि समाज और देश को डिग्री प्राप्त करने वाले इन विद्यार्थियों से बहुत अपेक्षाएं हैं। हमें नौकरी चाहने वाले की बजाय नौकरी देने वाले बनने की जरूरत है। समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में राष्ट्रीय प्रत्यायन बोर्ड के अध्यक्ष प्रो. केके अग्रवाल, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ओमप्रकाश यादव एवं पूर्व शिक्षा मंत्री प्रो. रामबिलास शर्मा भी उपस्थित रहे। राज्यपाल ने स्वतंत्रता सेनानी चंद्रशेखर आजाद के बलिदान दिवस पर उन्हें श्रद्धासुमन भी अर्पित किए। इस अवसर पर उन्होंने विश्वविद्यालय का न्यूज लेटर व स्मारिका का विमोचन भी किया गया। राज्यपाल ने आगे कहा कि हमें समाज और राष्ट्र के लिए योगदान देने के लिए कड़ी मेहनत करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि सरकार कौशल विकास व स्टार्ट अपस के क्षेत्र में रोजगार हेतु बहुत खर्च कर रही है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा चलाए जा रहे डिजिटल इंडिया अभियान का उल्लेख करते हुए कहा कि इस अभियान के माध्यम से रोजगार, स्वरोजगार व आत्मनिर्भरता के नए मार्ग खुलने के साथ-साथ यह अभियान देश को डिजिटल रूप से सशक्त समाज व ज्ञान आधारित व्यवस्था में बदलाव लाने में सहायक साबित हो रहा है। मुख्य अतिथि ने कोरोना महामारी के दौरान विश्वविद्यालय द्वारा किए गए कायार्ं के लिए कुलपति प्रो. टंकेश्वर व उनकी टीम को बधाई दी। उन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू करने के लिए विश्वविद्यालय द्वारा किए गए प्रयासों की भी सराहना की। विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय प्रत्यायन बोर्ड के अध्यक्ष प्रो. केके अग्रवाल ने कहा कि एक से अधिक विषयों का ज्ञान आवश्यक है। इसमें अंतःविषयी और लाइफ लांग लर्निंग पाठ्यक्रम महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि शोध स्थानीय एवं राष्ट्रीय विकास में मदद देने वाला होना चाहिए। विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर ने अपने संबोधन में विश्वविद्यालय की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की तथा सभी आगंतुकों का स्वागत किया। उन्होंने उपाधि व स्वर्ण पदक पाने वाले विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने विश्वविद्यालय की उपलब्धियों का ब्यौरा प्रस्तुत करते हुए कुलपति ने बताया कि महामारी की विभिन्न चुनौतियों एवं बाधाओं के बावजूद विश्वविद्यालय ने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और अनुसंधान को बढ़ावा देने के अपने उद्देश्य को दृढ़ रखा। समारोह में कुलसचिव प्रो. सारिका शर्मा, परीक्षा नियंत्रक प्रो. राजीव कौशिक, वित्त अधिकारी डॉ. विकास कुमार, विभागों के विभागाध्यक्ष, शिक्षक, कर्मचारी, विद्यार्थी व शोधार्थी उपस्थित रहे।

महेंद्रगढ़। केंद्रीय विवि में विश्वविद्यालय का न्यूज लेटर व स्मारिका का विमोचन करते राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय एवं अतिथिगण। फोटो : हरिभूमि

24 स्वर्ण पदक सहित 1078 विद्यार्थियों को मिली उपाधियां

हकेंवि के आठवें दीक्षांत समारोह में कुल 1078 विद्यार्थियों व शोधार्थियों को पीएचडी, एमफिल, स्नातक व स्नातकोत्तर की उपाधियां व स्वर्ण पदक प्रदान किए गए। इनमें स्नातक पाठ्यक्रमों के अंतर्गत बीटेक में 148 तथा बीवॉक में 72 विद्यार्थियों को तथा स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में 825 विद्यार्थियों को डिग्री प्रदान की गई। 19 शोधार्थियों को पीएचडी एवं 14 को एमफिल की उपाधि प्रदान की गई। 1078 विद्यार्थियों व शोधार्थियों में 604 छात्र और 474 छात्राएं शामिल हैं। 975 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए हैं।

Central University of Haryana

NAAC Accredited 'A' Grade University

Public Relations Office

Newspaper: Jagat Kranti **Date: 28-02-2022**

आह्वान हकेंवि के 8वें दीक्षांत समारोह में शामिल होने पहुंचे राज्यपाल दत्तात्रेय

रोजगार चाहने वाले नहीं देने वाले बनें : राज्यपाल

जगत क्रान्ति ►► ईश्वर तिवारी

महेन्द्रगढ़ : हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ के आठवें दीक्षांत समारोह का आयोजन रविवार को हुआ। इस अवसर पर हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने मुख्य अतिथि के तौर पर कार्यक्रम की शोभा बढ़ायी जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में राष्ट्रीय प्रत्यायन बोर्ड के अध्यक्ष प्रो. केके अग्रवाल दीक्षांत समारोह में शामिल हुए। दीक्षांत समारोह में हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ओमप्रकाश यादव व पूर्व शिक्षा मंत्री प्रो. रामबिलास शर्मा भी उपस्थित रहे।

राज्यपाल ने इस अवसर पर स्वतंत्रता सेनानी चंद्रशेखर आजाद के बलिदान दिवस के अवसर पर उन्हें श्रद्धासुमन भी अर्पित किए। विश्वविद्यालय में आयोजित इस

दीक्षांत समारोह की शुरूआत कुलगीत के साथ हुई। इस अवसर पर विश्वविद्यालय का न्यूज लेटर व स्मारिका का विमोचन भी किया गया। राज्यपाल ने उपाधि प्राप्त करने वाले सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि समाज और देश को डिग्री प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों से बहुत अपेक्षाएं हैं। हमें समाज और राष्ट्र के लिए योगदान देने के लिए कड़ी मेहनत करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि सरकार कौशल विकास व स्टार्ट अपस के क्षेत्र में रोजगार हेतु बहुत खर्च कर रही है।

उन्होंने कहा कि हमें नौकरी चाहने की बजाय नौकरी देने वाले बनने की जरूरत है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा चलाए जा रहे डिजिटल इंडिया अभियान का उल्लेख करते हुए कहा कि इस अभियान के माध्यम से रोजगार, स्वरोजगार व आत्मनिर्भरता के नए मार्ग खुलने के साथ-साथ यह अभियान देश को डिजिटल रूप से सशक्त समाज व ज्ञान आधारित व्यवस्था में बदलाव लाने में सहायक साबित हो रहा है।

उन्होंने कहा कि आज आर्टिफिसियल इंटेलिजेंस, स्मार्ट बोर्ड, ब्लॉकचेन, कंप्यूटिंग उपकरण आदि जैसे प्रौद्योगिकी क्षेत्र में रोजगार की अपार संभावनाएं हैं। हकेवि के आठवें दीक्षांत समारोह में कुल 1078 विद्यार्थियों व शोधार्थियों को पीएचडी, एमफिल, स्नातक व स्नातकोत्तर की उपाधियाँ व स्वर्ण पदक प्रदान किए गए। 1078 विद्यार्थियों व शोधार्थियों में 604 छात्र और 474 छात्राएं शामिल हैं।

Central University of Haryana

NAAC Accredited 'A' Grade University

Public Relations Office

Newspaper: Jagmarg **Date: 28-02-2022**

रोजगार चाहने वाले नहीं देने वाले बनें : राज्यपाल

➡ 24 विद्यार्थियों व शोधार्थियों को स्वर्ण पदक, 19 को पीएचडी, 14 को एमफिल और 1045 विद्यार्थियों को मिली स्नातक व स्नातकोत्तर की उपाधि

जगमार्ग न्यूज

महेंद्रगढ़। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय महेंद्रगढ़ के आठवें दीक्षांत समारोह का आयोजन रविवार 27 फरवरी को हुआ।

इस अवसर पर हरियाणा के राज्यपाल माननीय बंडारू दत्तात्रेय ने मुख्य अतिथि के तौर पर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में राष्ट्रीय प्रत्यायन बोर्ड के अध्यक्ष प्रो. के के अग्रवाल दीक्षांत समारोह में शामिल हुए। दीक्षांत समारोह में हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ओमप्रकाश यादव व पूर्व शिक्षा मंत्री प्रो. रामबिलास शर्मा भी उपस्थित रहे। राज्यपाल महोदय ने इस अवसर पर स्वतंत्रता सेनानी चंद्रशेखर आजाद के बलिदान दिवस के अवसर पर उन्हें श्रद्धासुमन भी अर्पित किए।

विश्वविद्यालय में आयोजित इस दीक्षांत समारोह की शुरूआत कुलगीत के साथ हुई। इस अवसर पर विश्वविद्यालय का न्यूज लेटर व स्मारिका का विमोचन भी किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि राज्यपाल माननीय बंडारू दत्तात्रेय ने उपाधि प्राप्त करने वाले सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि समाज और देश को डिग्री प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों से बहुत अपेक्षाएं हैं। हमें समाज और राष्ट्र के लिए योगदान देने के लिए कड़ी मेहनत करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि सरकार कौशल विकास व स्टार्ट अपस के क्षेत्र में रोजगार हेतु बहुत खर्च कर रही है। हमें नौकरी चाहने वाले की बजाय नौकरी देने वाले बनने की जरूरत है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा चलाए जा रहे डिजिटल इंडिया अभियान का उल्लेख करते हुए कहा कि इस अभियान के माध्यम से रोजगार, स्वरोजगार व आत्मनिर्भरता के नए मार्ग खुलने के साथ-साथ यह अभियान देश को डिजिटल रूप से सशक्त समाज व ज्ञान आधारित व्यवस्था में बदलाव लाने में सहायक साबित हो रहा है। उन्होंने कहा कि आज आर्टिफिसियल इंटेलिजेंस, स्मार्ट बोर्ड, ब्लॉकचेन, कंप्यूटिंग उपकरण आदि जैसे प्रौद्योगिकी क्षेत्र में रोजगार की अपार संभावनाएं हैं। मुख्य अतिथि ने कोरोना महामारी के दौरान विश्वविद्यालय द्वारा किए गए कार्यों के लिए कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार व उनकी टीम को बधाई दी। उन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू करने के लिए विश्वविद्यालय द्वारा किए गए प्रयासों की भी सराहना की।

रोजगार चाहने वाले नहीं देने वाले बनें : दत्तात्रेय

नारनौल/महेंद्रगढ़ (एसएनबी)। राज्यपाल बंडारु दत्तात्रेय ने कहा कि समाज और देश को डिग्री प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों से बहुत अपेक्षाएं हैं। हमें समाज और राष्ट्र में योगदान देने के लिए कड़ी मेहनत करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि सरकार कौशल विकास व स्टार्टअप के क्षेत्र में रोजगार हेतु बहुत खर्च कर रही है। हमें नौकरी चाहने वाले की बजाय नौकरी देने वाले बनने की जरूरत है। यह उद्गार रविवार को राज्यपाल ने हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि) महेंद्रगढ़ के आठवें दीक्षांत समारोह के आयोजन अवसर पर व्यक्त किए।

कार्यक्रम में बतौर विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय प्रत्यायन बोर्ड के अध्यक्ष प्रो. केके अग्रवाल शामिल हुए। दीक्षांत समारोह में हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ओमप्रकाश यादव व पूर्व शिक्षा मंत्री प्रो. रामबिलास शर्मा भी उपस्थित रहे। राज्यपाल ने इस अवसर पर स्वतंत्रता सेनानी चंद्रशेखर आजाद के बलिदान दिवस के अवसर पर उन्हें श्रद्धासुमन भी अर्पित किए। दीक्षांत समारोह की शुरुआत कुलगीत के साथ हुई। इस अवसर पर विवि का न्यूज लेटर व स्मारिका का विमोचन भी किया गया।

इस अवसर पर राज्यपाल ने पीएम मोदी द्वारा चलाए जा रहे डिजिटल इंडिया अभियान

हकेवि के आठवें दीक्षांत समारोह में कई विद्यार्थियों व शोधार्थियों को स्वर्ण पदक समेत अन्य को मिली उपाधि

का उल्लेख करते हुए कहा कि इस अभियान के माध्यम से रोजगार, स्वरोजगार व आत्मनिर्भरता के नए मार्ग खुलने के साथ-साथ यह अभियान देश को डिजिटल रूप से सशक्त समाज व ज्ञान आधारित व्यवस्था में बदलाव लाने में सहायक साबित हो रहा है।

प्रो. केके अग्रवाल ने कहा कि एक से अधिक विषयों का ज्ञान आवश्यक है। इसमें अंतःविषयी और लाइफ लांग लर्निंग पाठ्यक्रम महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि शोध स्थानीय एवं राष्ट्रीय विकास में मदद देने वाला होना चाहिए। कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने अपने संबोधन में विवि की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की और मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि का उनकी उपस्थिति के लिए हृदय से आभार प्रकट किया। इस अवसर पर कुलपति ने उपाधि व स्वर्ण पदक पाने वाले विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस मौके पर 24 स्वर्ण पदक सहित 1078 विद्यार्थियों को मिली उपाधियां।

हकेंवि का 8वां दीक्षांत समारोह

रोजगार चाहने वाले नहीं देने वाले बनें: राज्यपाल

महेंद्रगढ़, 27 फरवरी (परमजीत, मोहन): हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय महेंद्रगढ़ के 8वें दीक्षांत समारोह का आयोजन रविवार को हुआ। इस अवसर पर हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने मुख्य अतिथि के तौर पर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में राष्ट्रीय प्रत्यायन बोर्ड के अध्यक्ष प्रो. के.के. अग्रवाल दीक्षांत समारोह में शामिल हुए। दीक्षांत समारोह में हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ओमप्रकाश यादव व पूर्व शिक्षा मंत्री प्रो. रामबिलास शर्मा भी उपस्थित रहे। राज्यपाल ने इस अवसर पर स्वतंत्रता सेनानी चंद्रशेखर आजाद के बलिदान दिवस के अवसर पर उन्हें श्रद्धासुमन भी अर्पित किए। इस अवसर पर विश्वविद्यालय का न्यूज लैटर व स्मारिका का विमोचन भी किया गया। मुख्यातिथि ने उपाधि प्राप्त करने वाले सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि समाज और देश को डिग्री प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों से बहुत अपेक्षाएं हैं। हमें समाज और राष्ट्र के लिए योगदान देने के लिए कड़ी मेहनत करने की आवश्यकता है। सरकार कौशल विकास व स्टार्ट अप के क्षेत्र में रोजगार हेतु बहुत खर्च कर रही है। हमें नौकरी चाहने वाले की बजाय नौकरी देने वाले बनने की जरूरत है।

हकेंवि के 8वें दीक्षांत समारोह में स्वर्ण पदक प्रदान करते राज्यपाल, (दाएं) सामरोह की स्मारिका का विमोचन करते राज्यपाल व अन्य।

उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा चलाए जा रहे डिजिटल इंडिया अभियान का उल्लेख करते हुए कहा कि इस अभियान के माध्यम से रोजगार, स्वरोजगार व आत्मनिर्भरता के नए मार्ग खुलने के साथ-साथ यह अभियान देश को डिजिटल रूप से सशक्त समाज व ज्ञान आधारित व्यवस्था में बदलाव लाने में सहायक साबित हो रहा है। उन्होंने कहा कि आज आर्टिफिशियल इंटैलिजैंस, स्मार्ट बोर्ड, ब्लॉकचेन, कंप्यूटिंग उपकरण आदि जैसे प्रौद्योगिकी क्षेत्र में रोजगार की अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने कोरोना महामारी के दौरान विश्वविद्यालय द्वारा किए गए कार्यों के लिए कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार व उनकी टीम को बधाई दी। उन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू करने के लिए विश्वविद्यालय द्वारा किए गए प्रयासों की भी सराहना की। दीक्षांत समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित प्रो. के.के. अग्रवाल ने कहा कि एक से अधिक विषयों का ज्ञान आवश्यक है। इसमें अंत:विषयी और लाइफ लांग लर्निंग पाठ्यक्रम महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। शोध स्थानीय एवं राष्ट्रीय विकास में मदद देने वाला होना चाहिए।

विश्वविद्यालय आने वाले वर्षों में अनुसंधान एवं नवाचार कार्यों में अग्रणी स्थिति में होगा: प्रो. टंकेश्वर कुमार

विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने अपने संबोधन में विश्वविद्यालय की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की और मुख्यातिथि व विशिष्ट अतिथि का उनकी उपस्थिति के लिए हृदय से आभार प्रकट किया। कुलपति ने उपाधि व स्वर्ण पदक पाने वाले विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। साथ ही कुलपति ने उनके माता-पिता व शिक्षकों की भी सराहना की, जिन्होंने विद्यार्थियों की आकांक्षाओं को साकार करने में मदद की। विश्वविद्यालय की शोध उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि उन्हें विश्वास है कि विश्वविद्यालय आने वाले वर्षों में अपने अनुसंधान एवं नवाचार कार्यों में अग्रणी स्थिति में होगा। दीक्षांत समारोह में विश्वविद्यालय की कार्यकारी परिषद, शैक्षणिक परिषद व विश्वविद्यालय की कोर्ट के सदस्य, विभिन्न शिक्षण संस्थानों, विश्वविद्यालय की विभिन्न पीठों के अधिष्ठाता, कुलसचिव प्रो. सारिका शर्मा, परीक्षा नियंत्रक प्रो. राजीव कौशिक, वित्त अधिकारी डा. विकास कुमार, विभागों के विभागाध्यक्ष, शिक्षक, कर्मचारी, विद्यार्थी व शोधार्थी उपस्थित रहे।

24 स्वर्ण पदक सहित 1078 विद्यार्थियों को मिली उपाधियां

हकेंवि के 8वें दीक्षांत समारोह में कुल 1078 विद्यार्थियों व शोधार्थियों को पीएच.डी., एम.फिल, स्नातक व स्नातकोत्तर की उपाधियां व स्वर्ण पदक प्रदान किए गए। इनमें स्नातक पाठ्यक्रमों के अंतर्गत बी.टैक में 148 तथा बी.वॉक में 72 तथा स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में 825 विद्यार्थियों को डिग्री प्रदान की गई। 19 शोधार्थियों को पीएच.डी. एवं 14 को एम.फिल की उपाधि प्रदान की गई। 1078 विद्यार्थियों व शोधार्थियों में 604 छात्र और 474 छात्राएं शामिल हैं। 975 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए हैं।

रोजगार चाहने वाले नहीं देने वाले बनें : राज्यपाल

हकेवि के आठवें दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय

राष्ट्रीय खबर ब्यूरो

चंडीगढ़। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ के आठवें दीक्षांत समारोह का आयोजन रविवार को हुआ। इस अवसर पर हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने मुख्य अतिथि के तौर पर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में राष्ट्रीय प्रत्यायन बोर्ड के अध्यक्ष प्रो. के.के. अग्रवाल दीक्षांत समारोह में शामिल हुए।

दीक्षांत समारोह में हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ओमप्रकाश यादव व पूर्व शिक्षा मंत्री प्रो. रामबिलास शर्मा भी उपस्थित रहे। राज्यपाल ने इस अवसर पर स्वतंत्रता सेनानी चंद्रशेखर आजाद के बलिदान दिवस के अवसर पर उन्हें श्रद्धासुमन भी अर्पित किए। विश्वविद्यालय में आयोजित इस दीक्षांत समारोह की शुरूआत कुलगीत के साथ हुई। विश्वविद्यालय का न्यूज लेटर व

स्मारिका का विमोचन भी किया गया। मुख्य अतिथि राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने उपाधि प्राप्त करने वाले सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि समाज और देश को डिग्री प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों से बहुत अपेक्षाएं हैं। हमें समाज और राष्ट्र के लिए योगदान देने के लिए कड़ी मेहनत करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि सरकार कौशल विकास व स्टार्टअप्स के क्षेत्र में रोजगार हेतु बहुत खर्च कर रही है। हमें नौकरी चाहने वाले की बजाय नौकरी देने वाले बनने की जरूरत है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा चलाए जा रहे डिजिटल इंडिया अभियान का उल्लेख करते हुए कहा कि इस अभियान के माध्यम से रोजगार, स्वरोजगार व आत्मनिर्भरता के नए मार्ग खुलने के साथ-साथ यह अभियान देश को डिजिटल रूप से सशक्त समाज व ज्ञान आधारित व्यवस्था में बदलाव लाने में सहायक साबित हो रहा है। उन्होंने कहा कि आज आर्टिफिसियल इंटेलिजेंस, स्मार्ट बोर्ड, ब्लॉकचेन, कंप्यूटिंग उपकरण आदि जैसे प्रौद्योगिकी क्षेत्र

24 स्वर्ण पदक सहित 1078 विद्यार्थियों को मिली उपाधियां

हकेवि के आठवें दीक्षांत समारोह में कुल 1078 विद्यार्थियों व शोधार्थियों को पीएच.डी., एम.फिल., स्नातक व स्नातकोत्तर की उपाधियां व स्वर्ण पदक प्रदान किए गए। इनमें स्नातक पाठ्यक्रमों के अंतर्गत बी.टेक. में 148 तथा बी.वॉक. में 72 विद्यार्थियों को तथा स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में 825 विद्यार्थियों को डिग्री प्रदान की गई। 19 शोधार्थियों को पीएच.डी. एवं 14 को एम.फिल. की उपाधि प्रदान की गई। 1078 विद्यार्थियों व शोधार्थियों में 604 छात्र और 474 छात्राएं शामिल हैं। 975 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उतीर्ण हुए हैं।

में रोजगार की अपार संभावनाएं हैं। मुख्य अतिथि ने कोरोना महामारी के दौरान विश्वविद्यालय द्वारा किए गए कार्यों के लिए कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार व उनकी टीम को बधाई दी। उन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू करने के लिए विश्वविद्यालय द्वारा किए गए प्रयासों की भी सराहना की। दीक्षांत समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित प्रो. के.के. अग्रवाल ने कहा कि एक से अधिक विषयों का ज्ञान आवश्यक है। इसमें अंतःविषयी और लाइफ लांग लर्निंग पाठ्यक्रम महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि शोध स्थानीय एवं राष्ट्रीय विकास में मदद देने वाला होना चाहिए। विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने अपने संबोधन में विश्वविद्यालय की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की और मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि का उनकी उपस्थिति के लिए ह्रदय से आभार प्रकट किया। इस अवसर पर कुलपति ने उपाधि व स्वर्ण पदक पाने वाले विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। साथ ही कुलपति ने उनके माता-पिता व शिक्षकों की भी सराहना की, जिन्होंने विद्यार्थियों की आकांक्षाओं को साकार करने में मदद की।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय की उपलब्धियों का ब्यौरा प्रस्तुत करते हुए कुलपति ने बताया कि महामारी की विभिन्न चुनौतियों एवं बाधाओं के बावजूद विश्वविद्यालय ने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और अनुसंधान को बढ़ावा देने के अपने उद्देश्य को दृढ़ रखा। विश्वविद्यालय की शोध उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि उन्हें विश्वास है कि विश्वविद्यालय आने वाले वर्षों में अपने अनुसंधान एवं नवाचार कार्यों में अग्रणी स्थिति में होगा। दीक्षांत समारोह में विश्वविद्यालय की कार्यकारी परिषद, शैक्षणिक परिषद व विश्वविद्यालय की कोर्ट के सदस्य, विभिन्न शिक्षण संस्थानों, विश्वविद्यालय की विभिन्न पीठों के अधिष्ठाता, कुलसचिव प्रो. सारिका शर्मा, परीक्षा नियंत्रक प्रो. राजीव कौशिक, वित्त अधिकारी डॉ. विकास कुमार, विभागों के विभागाध्यक्ष, शिक्षक, कर्मचारी, विद्यार्थी व शोधार्थी उपस्थित रहे।